
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 25 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।
Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## UCC लागू होने वाला छत्तीसगढ़ देश का पांचवां राज्य बनेगा

■ सीएम साय बोले- शीतकालीन सत्र में बिल पास कराएंगे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की दिशा में सरकार ने प्रक्रिया तेज कर दी है। राज्य कैबिनेट पहले ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दे चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में यूसीसी विधेयक को विधानसभा से पारित कराएगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति की पहली बैठक हुई। इसके साथ ही यूसीसी




का प्रारूप तैयार करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंड, गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ यूसीसी लागू करने की तैयारी में है। विधेयक पारित होकर कानून लागू होने पर यह देश का पांचवां राज्य बन जाएगा। समिति राज्य के सामाजिक और अन्य पहलुओं का अध्ययन करेगी। अलग-अलग वर्गों और हितधारकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। इसके बाद



समिति अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार होगा और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता। इसका उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और संपत्ति जैसे नागरिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू करना है, चाहे उनका धर्म कोई भी हो। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-44 में राज्य को समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। सरकार का कहना है कि इससे नागरिक कानूनों में एकरूपता आएगी, न्याय प्रक्रिया सरल होगी और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा।

### समिति में कौन-कौन शामिल हैं?

- न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) रंजना प्रकाश देसाई - अध्यक्ष
- शत्रुघ्न सिंह (रिटायर्ड IAS) - सदस्य
- एम.के. राउत - सदस्य
- मोहन पवार (सीनियर वकील) - सदस्य
- ज्योति रानी सिंह (रिटायर्ड प्रिंसिपल) - सदस्य

### इन राज्यों में लागू हो चुकी है प्रक्रिया

उत्तराखंड - यूसीसी पूरी तरह लागू हो चुका है। यह स्वतंत्र भारत का पहला राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता लागू हुई। यह विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और लिव-इन संबंधों जैसे नागरिक मामलों पर लागू है। हालांकि, अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सत्य साई ग्राम के सेवा मॉडल को बताया जनकल्याण का प्रेरक उदाहरण

■ शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई सार्थक चर्चा, छत्तीसगढ़ में सेवाओं के विस्तार पर दिया जोर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कर्नाटक के सत्य साई ग्राम, मुद्देनहल्ली का दौरा कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित समग्र सेवा मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के संस्थापक सद्गुरु श्री मधुसूदन साई से भेंट कर छत्तीसगढ़ में जनकल्याणकारी सेवाओं के विस्तार, विशेष रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का आधार केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारित समाज है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को सुशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के अनुभव, नवाचार और सेवा भावना से जनकल्याण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर द्वारा पूर्णत: नि:शुल्क बाल हृदय शल्य चिकित्सा (पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी) के माध्यम से हजारों बच्चों को नया जीवन देने के कार्य की मुख्यमंत्री



ने विशेष सराहना की। उन्होंने इसे मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए अस्पताल के विस्तार, मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल की स्थापना तथा भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय मूल्य आधारित शिक्षा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में विश्व के लगभग 25 देशों से आए 100 से अधिक शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सेवा, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी आधार होनी चाहिए। मूल्य आधारित शिक्षा ही संवेदनशील नागरिकों और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है।

मुख्यमंत्री ने श्री सत्य साई अन्नपूर्णा ट्रस्ट द्वारा संचालित साईश्योर न्यूट्रास्यूटिकल्स इकाई का भी अवलोकन किया। साईश्योर मल्टी-न्यूट्रिएंट हेल्थ मिक्स के माध्यम से देश के 25 राज्यों एवं 4 केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग एक करोड़ बच्चों तक पोषण सहायता पहुंचाई जा रही है।

## पेपर लीक- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 47 अफसर बर्खास्त

■ कानूनी कार्यवाही भी होगी, एक दिन पहले दो सेक्रेटरी हटाए गए थे

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के हवाले से यह खबर दी। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम एनटीए में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव के तहत उठाया गया है। एनटीए में सुधार के लिए जल्द ही और एक्शन लिए जाएंगे। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था।

पेपर लीक मामले में एनटीए की तरफसे अधिकारियों को हटाने की यह कार्रवाई पीएम मोदी के वीडियो मैसेज के 20 घंटे के अंदर की गई। दरअसल पीएम ने गुरुवार की रात 12 बजे के आसपास ढाई मिनट का




वीडियो संदेश जारी किया था। इसी नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। सोनम वांगचुक ने 26 दिन अनशन किया और संसद में सांसद हंगामा कर रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों में पड़ताल हुई। अबतक 13 आरोपी पकड़े गए हैं। सीबीआई जल्द ही इस चार्जशीट फाइल कर सकती है।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अड़ा सीजेपी

■ केंद्र को चेतावनी- 1-2 दिन में समाधान नहीं तो होगा बड़ा राष्ट्रीय प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी ने केंद्र सरकार के सामने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। संगठन के प्रवक्ताओं ने कहा कि इस मांग पर किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं है। धर्मेंद्र प्रधान या तो स्वयं इस्तीफा दें या फिर केंद्र सरकार उन्हें मंत्रिमंडल से हटाए। सीजेपी ने चेतावनी दी है कि यदि अगले एक-दो दिन में मामले का समाधान नहीं निकला तो संगठन जल्द ही बड़े राष्ट्रीय प्रदर्शन की घोषणा करेगा। संगठन का दावा है कि यह प्रदर्शन 20 जुलाई को हुए संसद मार्च से भी बड़ा और व्यापक होगा। सीजेपी के प्रवक्ताओं ने केंद्र के साथ हुई



बातचीत को सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि संगठन की तीन प्रमुख मांगों में से दो पर वार्ताकारों ने मौखिक सहमति जताई है। हालांकि, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हुई है। शनिवार को केंद्र सरकार और CJP प्रतिनिधियों के बीच तीसरे दौर की वार्ता प्रस्तावित है। संगठन को उम्मीद है कि अगले एक-दो दिन में इस विवाद का समाधान निकल सकता है। प्रवक्ताओं के मुताबिक, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को केंद्र के सामने लिखित और मौखिक, दोनों रूपों में स्पष्ट कर दिया गया है।

कांस्टीट्यूशन क्लब में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका ने मुलाकात की। बैठक के बाद दोनों प्रवक्ता जंतर-मंतर स्थित सीजेपी के प्रदर्शन मंच पर पहुंचे और अध्यक्ष अभिजीत दीपके की मौजूदगी में प्रदर्शनकारियों को वार्ता की पूरी जानकारी दी।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने परीक्षा धोखाधड़ी मामलों के लिए दो विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए

**मुंबई।** सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट ने औरंगाबाद तथा नागपुर में दो विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित किए हैं। ये अदालतें सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दर्ज मामलों के अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, बोर्ड एवं अन्य निर्दिष्ट परीक्षाओं में कदाचार निवारण अधिनियम, 1982 के संबंधित प्रावधानों के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करेंगी।

यह निर्णय बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के 23 जुलाई, 2026 के पत्र के बाद लिया। मंत्रालय ने परीक्षा संबंधी कदाचार के मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए समर्पित फास्ट ट्रैक अदालतें नामित करने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (निरीक्षण-1) द्वारा



जारी आदेश के अनुसार, औरंगाबाद न्यायिक जिले के लिए एस.वी. पवार, 10वें संयुक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है। वहीं, नागपुर न्यायिक जिले के लिए गुलशन आर. कोल्टे, 7वें संयुक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ स्तर) एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को इस उद्देश्य के लिए नामित किया गया है। हाईकोर्ट ने औरंगाबाद तथा नागपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को संबंधित विशेष अदालतों को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी लंबित मामलों को तत्काल इन अदालतों में स्थानांतरित करने और अनुपालन रिपोर्ट हाईकोर्ट को भेजने के लिए कहा गया है।

विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना का उद्देश्य पेपर लीक, परीक्षा धोखाधड़ी और सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना है। इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को मजबूत करने के साथ ऐसे मामलों में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## ब्रिक्स 2026 में छत्तीसगढ़ से अकेले विद्यालय का हुआ चयन

■ रायपुर के दो स्टूडेंट्स ने जियोस्पेशियल प्रोजेक्ट किया प्रस्तुत




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के पीजी उमाठे उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय, शांति नगर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। ब्रिक्स 2026 स्कूल जियोस्पेशियल प्रोजेक्ट शोकेस के लिए विद्यालय का चयन हुआ। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र स्कूल रहा, जिसने इस मंच पर अपना जियोस्पेशियल प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। 22 जुलाई को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, तिरुपति में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के सामने विद्यालय की परियोजना प्रदर्शित की गई। विद्यार्थियों ने 'Building Sponge City Together' विषय पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों और मौजूद लोगों ने सराहा। विद्यालय की शिक्षिका रीता मंडल के मार्गदर्शन में कक्षा 8 की छात्रा वार्तिका पाटिल और कक्षा 7 की छात्रा उमेश्वरी साहू ने यह प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंट एजुकेशन एंड रिसर्च, पुणे के सहयोग से किया गया। परियोजना में छात्राओं ने भौगोलिक सूचना प्रणाली, सैटेलाइट इमेजरी और मोबाइल मैपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया।

## बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

■ कहा- बीमार हूं, कई बार बेहोश हो जाता हूं

■ दावा- शेख हसीना से बातचीत की जानकारी लीक हुई

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा संसद (जातीय संसद) के स्पीकर हाफिज उद्दीन अहमद को सौंपा। राष्ट्रपति ने इस्तीफे की वजह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बताया है।

अपने इस्तीफे में शहाबुद्दीन ने लिखा-मैं लंबे समय से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और किडनी की बीमारी से जूझ रहा हूं। हाल ही में डॉक्टरों ने मुझमें ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी नाम की बीमारी का पता लगाया है। इस बीमारी की वजह से कई बार अचानक कुछ समय के लिए बेहोशी आ जाती है।

शारीरिक और मानसिक स्थिति को देखते हुए अब राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद की जिम्मेदारियां निभाना संभव नहीं



है। पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेशी मीडिया में उनके इस्तीफे की अटकलें लगाई जा रही थीं। कई रिपोर्टों में दावा किया गया था कि उन्होंने पूर्व पीएम शेख हसीना से फोन पर बातचीत की कोशिश की थी। इस खबर के बाहर आने के बाद प्रधानमंत्री नाराज हो गए थे। बांग्लादेश में फरवरी में हुए चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने उन्हें शपथ दिलाई थी।

बांग्लादेश में फरवरी में हुए चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने उन्हें शपथ दिलाई थी। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति पद संभाला था। जुलाई-अगस्त 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। उस आंदोलन के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था।

इसके बाद शहाबुद्दीन ही अवामी लीग सरकार के दौर के एकमात्र संवैधानिक पदाधिकारी थे, जो 2 साल बाद भी पद पर बने हुए थे। वह 9 मई को इलाज के लिए लंदन गए थे और 18 मई को ढाका लौटे थे। बांग्लादेशी समाचार पत्रों की रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ने भारत में रह रहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बातचीत की थी।

जैसे ही इस बातचीत की भनक बीएनपी के शीर्ष नेतृत्व को लगी, उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया। इसके बाद राष्ट्रपति तक यह मैसेज पहुंचाया कि शेख हसीना से संपर्क साधना या बातचीत करना मौजूदा राजनीतिक माहौल में स्वीकार्य नहीं है और उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## सूरजपुर जिला के मदन नगर ग्राम में पुलिस और ग्रामीणों के बीच भीषण हिंसक भिड़ंत

■ दोनों तरफसे जमकर चली लाठी डी एस पी सहित 24 पुलिस और ढाई दर्जन ग्रामीण घायल

■ जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी - पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल

■ **गोपाल सिंह विद्रोही की रिपोर्ट**

**सूरजपुर ( दैनिक विश्व परिवार )।** सूरजपुर जिला के विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र अंतर्गत मदन नगर गांव में आज सुबह प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया दोनों तरफसे चली लाठी डंडा हुई पत्थरबाजी डीएसपी सहित 24 से अधिक पुलिस एवं ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गए , सभी घायलों का उपचार हेतु स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इस खूनी संघर्ष में कई पुलिस एवं ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई माहौल तनावपूर्ण है परंतु नियंत्रण में है।

ग्रामीणों के अनुसार पुलिस प्रशासन एस ई सी एल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर कब्जा लेने के लिए सर्व टीम के साथ पहुंची थी जिसके साथ पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद थी शुक्रवार की सुबह मदन नगर गांव पहुंची जिसमें 500 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनात थी आसपास जिलों की पुलिस के अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया था। घटना के दौरान सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं कलेक्टर रेना जमील भी मौके पर मौजूद थी । ग्रामीणों ने बताया कि हम सब ग्रामीण लंबे समय से भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे थे आपत्तियों और मांगों पर प्रशासन एवं एस ई सी एल प्रबंधन द्वारा उचित सुनवाई नहीं की गई। बहरहाल शुक्रवार सुबह पुलिस बल के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया। ग्रामीणों ने गांव की ओर जाने



वाले रास्तों को अवरुद्ध कर दिया और बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडों के साथ सड़क पर बैठ गए। जब पुलिस ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, तो दोनों पक्षों के बीच भयानक खूनी संघर्ष टकराव शुरू हो गया। गांव वाले मरने मरने को तैयार हो गए, देखते ही देखते पुलिस बल टूट पड़ी और दोनों तरफ से जमकर महाभारत चालू हो गया।लाठी डंडे पत्थर एवं आंसू गैस हवाई फायरिंग भी हुई, माहौल इतना उग्र था कि लग रहा था सैकड़ो लाशे बिछ जाएगी, इस खूनी संघर्ष में ग्रामीण एवं पुलिस कर्मियों का कान , हाथ पैर टूटने लगे, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की, पथराव और मारपीट शुरू हो गई। अचानक हुए हमले और भगदड़ के कारण कई पुलिसकर्मी व ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गए।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के कई वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तथा पुलिस बल लेकर आए हुए बसों में भी भयंकर तोड़फोड़ करते हुए आग लगने तक का प्रयास किया, पुलिस वाहनों पर पत्थर बाजी और लाठी डांटे की गूंज से पूरा क्षेत्र दहल गया प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कई सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

### हमला कर हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

इस संबंध में सूरजपुर नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि पुलिस जानलेवा हमला कर हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी बाबूलाल, बनवारी सहित पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने ग्राम में पहुंची थी। आरोपियों के खिलाफ प्रार्थी संतोष नामक व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने पूर्व में ही धारा 307 नाम जद मामला दर्ज किया था पुलिस मौके पर पहुंची थी जिसे ग्रामीण सुनियोजित ढंग से पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया पुलिस बचाव में लाठी चार्ज किया। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने आगे बताया कि ग्रामीणों के हमले में 24 पुलिसकर्मी घायल हुय है। इस सवाल पर की ग्रामीण भी काफी संख्या में हताहत हुए हैं पुलिस अधीक्षक ने जवाब में कहां की इस संबंध में पुख्ता अभी जानकारी नहीं है जानकारी मिलने पर आपको दी जाएगी। उधर ग्रामीणों ने बताया कि माहौल बिगड़ने का मुख्य कारण जमीन अधिग्रहण को ले कर गुस्सा बताया।

## सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 2 की मौत

■ शवों के चीथड़े उड़े, 100 मीटर दूर गिरे हाथ-पैर

**सहारनपुर।** सहारनपुर में शुक्रवार शाम पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। जबकि 2 लापता हैं। ये सभी मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के रहने वाले थे। फैक्ट्री में 5 साल से यहां सुतली बम बनाए जा रहे हैं। जिस वक्त विस्फोट हुआ, 23 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें 19 सुरक्षित हैं। धमाका इतना तेज था कि शवों के चीथड़े उड़ गए। एक की बॉडी फैक्ट्री के अंदर मलबे में दबी मिली। जबकि दूसरे युवक की लाश फैक्ट्री से करीब 100 मीटर दूर खेत किनारे मिली। शव क्षत-विक्षत था। चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। हाथ, दोनों पैर, अंतड़ियां, लोथड़े जगह-जगह बिखरे मिले। जिसने भी ये मंजर देखा, वह सिहर उठा। गांव के प्रधान के मुताबिक, हादसा



शाम करीब 5 बजे हुआ। विस्फोट से 500 मीटर दूर गांव में लोगों के घरों की दीवारें हिल गईं। पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम राहत-बचाव के काम में जुटी है। जिस पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, वह करीब 10 बीघा जमीन में फैली है। यह मुख्यालय से करीब 54 किमी दूर गंगोह थाना क्षेत्र के नया गांव (बसी कुंडा) के बाहर है। एसएसपी अभिनंदन ने 2 मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि धमाके के बाद फैक्ट्री का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई थी।

# अविनाश वन और लुक्स सैलून ने 'यंग इंडियंस' के साथ मिलकर किया एक्सक्लूसिव ग्रूमिंग व वेलनेस इवेंट का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अविनाश वन स्थित प्रीमियम 'लुक्स सैलून' द्वारा यंग इंडियंस (ड्ढद्ब) हर्ड के सहयोग से एक बेहद खास और लक्ज़री वेलनेस व ग्रूमिंग इवेंट का आयोजन किया गया। इस शानदार दोपहर में 'यंग इंडियंस' की 50 से अधिक प्रमुख महिला सदस्यों ने शिरकत की, जिन्हें हेयर कंसल्टेशन और स्किन वेलनेस के जरिए खुद को पैम्पर करने का मौका मिला। इसके साथ ही 'रोमियो लेन' (ऋश्वद्वद्दश्व ख्रुठ्ठद्ग) द्वारा परोसे गए लजीज व्यंजनों ने इस इवेंट के मजे को दोगुना कर दिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण इंडस्ट्री की दो जानी-मानी हस्तियां रहीं–केरास्टेस (ड्डद्गह्म्ड्डह्यह्लड्डह्यद्ग) की हेड मोनिषा भाटिया और लुक्स सैलून के टेक्निकल हेड मनी बरेजा। दोनों दिग्गजों ने इवेंट में पहुंचीं महिलाओं के साथ वन-ऑन-वन (व्यक्तिगत) चर्चा की और उनके स्कैल्प व स्किन का बारीकी से विश्लेषण किया। इस दौरान उन्होंने सभी को सही देखरेख के तरीके बताए और बालों व त्वचा को सेहतमंद रखने के आधुनिक टिप्स भी साझा किए। एक्सपर्ट कंसल्टेशन के बाद, अविनाश वन के लुक्स सैलून के कुशल स्टाफ ने मेहमानों को अपनी बेहतरीन सिग्नेचर सर्विसेज का अनुभव कराया। यहां महिलाओं ने रिलैक्सिंग हेड वॉश, पेडीक्योर और कस्टमाइज्ड ग्रूमिंग ट्रीटमेंट्स का भरपूर आनंद लिया, जिससे उन्हें रोज़मर्रा की भागदौड़ से दूर एक सुकून भरा अहसास मिला।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./33572/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33572**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M0564E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL LAND KABIJ - ASMENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHUKHAN KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRISTY GOYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMANT KUMAR GOYAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./33567/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33567**
**वार्ड का नाम-36 - तात्यापारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717D0019A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAM SUNDAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGDISH PRASAD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GANESH GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./33484/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33484**
**वार्ड का नाम-66- वामनराव लाखे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 66 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR664F00017** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIKRAM AWADHIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANUPCHAND AWADHIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIKRAM SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE, ANAND SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./33711/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33711**
**वार्ड का नाम-42- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR561F00112** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJESH SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. GAJADHAR SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNNY SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./33727/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33727**
**वार्ड का नाम- 68- डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567B00246** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SAROJ DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHARDANAND DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAWAN KUMAR DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHARDANAND DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./33662/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33662**
**वार्ड का नाम- 68- डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR568A0803D** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHUBHAM AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. NAMITA AGRAWAL W/O DILIP AGRAWAL 2. PRADHUMAN AGRAWAL S/O DILIP AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./33730/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 24-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33730**
**वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737A00330** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. RAVINDRA GHATGE FATHER LATE MAHENDRA GHATGE 2. MAYA GHATGE HUSBAND LATE MAHENDRA GHATG 3. ASHALATA JADHAV FATHER LAXMAN RAO GHATGE 4. ROHIT GHATGE FATHER LATE MAHENDRA RAO GHATGE** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 रविन्द्र घाटगे पिता-स्व. श्री महेन्द्र घाटगे 2. श्रीमती माया घाटगे पति -स्व. श्री महेन्द्र घाटगे 3. रोहित घाटगे पिता -स्व. श्री महेन्द्र घाटगे** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सत्यापन, बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

पत्र क्र./33559/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33559**
**वार्ड का नाम-44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00410** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. SHOBHA BAID, 2. UMED MAL BAID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. UMED MAL BAID, 2. GENMAL BAID** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **प्रशांत कुमार गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **महेश प्रसाद गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
**आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
**Email ID - rmczone6@gmail.com**

पत्र क्रं./33625/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 22-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33625**
**वार्ड का नाम- 59 मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR651B00430** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VISHWANATH CHATOPADHYAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MADHUSUDAN CHATOPADHYAY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MADHUMALTI SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **KARAN SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /33635/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33635**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226P00038** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DALJEET KAUR MALHOTRA , JASPAL SINGH MALHOTRA , JAGJEET SINGH , PREET MALHOTRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGJEET SINGH , S. KARAM SINGH , JASPAL SINGH MALHOTRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JASPAL SINGH MALHOTRA , JAGJEET SINGH , PREET MALHOTRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGJEET SINGH , S. KARAM SINGH , JASPAL SINGH MALHOTRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र, रजिस्ट्री कापी संलग्न** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /33554/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33554**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226SA0075** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANJU DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA PRASAD DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHARTI CHATWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHARAT CHATWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /33555/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33555**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227X0236A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SATINDER KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE JITENDER SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अंजू कुमारी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **संजय कुमार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /33637/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33637**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227V00449** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAM NAGDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR NAGDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DHARMAGYA CHAWHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JITENDRA KUMAR CHAWHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./30816/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 10-12-2025

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30816**
**वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवन राम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651I00379** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VEENA DHANDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAKASH CHANDRA DHANDE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARCHANA KUMARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAHUL KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./33693/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33693**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220E00039** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VINOD KUMAR NATHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE JETHAMAL NATHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती विणा मनवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री जयंत मनवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./33696/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33696**
**वार्ड का नाम-26- दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 26 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR109A00056** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AMAR SINGH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री भागीराम साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. अमर सिंह साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./33695/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33695**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR221B00067** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NIRMAL RATHOR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री लक्ष्मीनारायण राठोड़** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. निर्मल राठोड़** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**CGHIDB**
**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## *आम-सूचना*

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा चित्रकुट परिसर, कबीर नगर कालोनी, रायपुर** में निर्मित **एम.आई.जी. फ्लैट योजना** के अतंर्गत, भवनों/फ्लैटों में से भवन/फ्लैट **क्रमांक एम.आई.जी. फ्लैट-301, ब्लॉक नं.-04, तृतीय-तल के आबंटी 01 श्रीमती राजेश्वरी चन्द्रवंशी** पति **श्री आदर्श चन्द्रवंशी 02. सुश्री / श्रीमती प्रियल चन्द्रवंशी पिता/पति श्री सुनील चन्द्रवंशी द्वारा नियुक्त मुख्यार आम-श्री अतुल तिवारी** पिता **श्री दिलीप तिवारी** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 20.01.2015** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 22.07.2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री/ श्रीमती मलिका सिंग पिता/पति श्री रविन्द्र कुमार सिंग** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./33566/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33566**
**वार्ड का नाम-36 - तात्यापारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717D00019** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAM SUNDAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGDISH PRASAD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GANESH GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /33659/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33659**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D02204** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NISHA CHANDAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK CHANDAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT SHARDA DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM KUMAR DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /33609/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33609**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D01128** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRASANNA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KOCHU NARAYAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GUJJALA RAMANA MURTY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GUJJALA PUNNAYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /33613/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33613**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C0219A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKASH DIWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHARAT DHAR DIWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KHEMRAJ MANDAVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **J.L. MANDAVI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /33674/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 23-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33674**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D02214** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIKRAM SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANAND SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANISH ATMARAM SATONE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ATMARAM SATONE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**CGHIDB**
**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

## *आम-सूचना*

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर** में स्थित **दुकान क्रमांक-01 सेक्टर-08, मोहम्मद फयाज अंसारी पिता एम.एम. अंसारी,** के नाम से नामांतरीत है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड **दिनांक 07/07/2021** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में नामांतरी **मोहम्मद फयाज अंसारी पिता एम.एम. अंसारी, निवासी-बी-34, राजधानी विहार, शांति सरोवर के पास, सड्डू, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को क्रेता (01) **श्री एकांश मित्तल पिता-श्री केशव मित्तल, निवासी- ब्लॉक ई, फ्लैट नं.-604 वी.आई.पी. स्टेट, अशोका रत्न, पो. शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** (02) **श्री सुनील हरिओम अग्रवाल पिता श्री हरिओम अग्रवाल** निवासी- 307 जे.के. टावर, भंडारा रोड, मेहता पेट्रोल पंप के पास, स्माल फैक्टरी एरिया, लकडगंज बगडपंज नागपूर (महाराष्ट्र) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026



## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक स्थगित

**कोरबा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, जो 24 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रीमती ज्योत्सना महंत, सांसद, लोकसभा क्षेत्र कोरबा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा ने बताया कि बैठक की अगली तिथि एवं समय की सूचना संबंधित सदस्यों एवं अधिकारियों को पृथक से प्रदान की जाएगी।

# एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग का भव्य उद्घाटन






**बचेली/किरंदुल (विश्व परिवार)।** नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत 'एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग - सीरीज़ 1' का भव्य उद्घाटन 23 जुलाई 2026 को बचेली स्थित हॉकी ग्राउंड में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। 23 से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस मेगा कबड्डी लीग में बैलाडीला क्षेत्र के 26 गांवों की 24 टीमें बड़े जोश के साथ भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें पहचान दिलाना और आगे बढ़ने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रबीन्द्र नारायण (अधिशासी निदेशक, बीआईओएम, किरंदुल कॉम्प्लेक्स तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कोडाली श्रीधर (मुख्य महाप्रबंधक, बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स), श्री भान सिंह यादव (मुख्य महाप्रबंधक, वर्क्स, बचेली), श्री नंदराम मूड़ामी (अध्यक्ष, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा), श्री अरविंद कुंजाम (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा), श्री सोमडू कडती (सदस्य, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा), विभिन्न ग्राम पंचायतों के सम्मानित सरपंचगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त समारोह में एनएमडीसी हैदराबाद मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, बैलाडीला लौह अयस्क खदान (किरंदुल एवं बचेली) के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा खेल सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

यह प्रतियोगिता बचेली के हॉकी मैदान और किरंदुल स्थित फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में निम्?नांकित टीमे भाग ले रहे हैं।

बचेली क्षेत्र की टीमें: मोलसनार, दुगेली, पाढ़ापुर, बेनपाल, बड़े कमेली, कमालूर, झिरका, धुरली, गामावाड़ा, नेरली, बड़े बचेली, मसेनार, गंजेनार एवं भांसी। किरंदुल क्षेत्र की टीमें: कोडेनार, कड़मपाल, मदाड़ी, चोलनार, टिकनपाल, कलेपाल, समलवार, मड़कामिरास, हिरोली, कुटरेम, गुमियापाल एवं तनेली।

एनएमडीसी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट और खेल सामग्री प्रदान की गई है। इस शुभ अवसर पर श्री रबीन्द्र नारायण, मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा 'इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा देना और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। एनएमडीसी के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर आवश्यक सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं।'

विशिष्ट अतिथि श्री नंदूराम मूड़ामी एवं श्री अरविंद कुंजाम ने क्षेत्र में एनएमडीसी द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

सामाजिक प्रतिबद्धता के भाग के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में यह आयोजन एनएमडीसी की एक महत्वपूर्ण पहल है। कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कौशल विकास और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में निरंतर कार्य करते हुए स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## महानदी जल विवाद के समाधान हेतु केंद्र की मध्यस्थता का फैसला ऐतिहासिक व स्वागत योग्य: भाजपा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के मध्य वर्षों से चले आ रहे महानदी जल विवाद को केंद्र सरकार की मध्यस्थता से सुलझाने की दिशा में बनी सहमति का पुरजोर स्वागत किया है। श्रीमती चौधरी ने इस ऐतिहासिक पहल को दोनों राज्यों के विकास और किसानों के हित में एक बड़ा व दूरगामी कदम बताया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल में लम्बे समय से लम्बित इस गम्भीर मामले में केन्द्र सरकार की मध्यस्थता स्वीकार करने पर दोनों राज्यों, ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ ने जो सहमति जताई है, उससे आपसी सद्भाव और संवाद के जरिए स्थायी समाधान की उम्मीदें बेहद मजबूत हुई हैं। श्रीमती चौधरी ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि श्री साहू द्वारा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मिलकर की गई सार्थक चर्चा और केंद्रीय जल आयोग के माध्यम से दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित करने के अनुरोध का ही परिणाम है कि यह ऐतिहासिक मोड़ सम्भव हो सका है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के बीच जल्द ही आयोजित होने वाली उच्चस्तरीय बैठक से जल बँटवारे से जुड़े विवादित मुद्दों पर आपसी सहमति कायम होगी।

## राजीव भवन में पथराव के दोषी भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी होगा FIR

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के धरने के बाद पुलिस ने अपनी गलती मानी
- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफलिखे गये एफआईआर में भी जांच का आश्वासन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पथराव के दोषी भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किये जाने के पुलिस के लिखित आश्वासन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खम्हारडीह थाने में 18 घंटे से चल रहे धरने को एक सप्ताह के लिये स्थगित कर दिया। पुलिस ने कांग्रेस की तीनो मांगो पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

कांग्रेस के आवेदन पर सात दिनों के अंदर जांच कर कांग्रेस भवन पर हमला करने वाले भाजपाइयों पर एफआईआर। घायल कांग्रेस कार्यकर्ताओं का डॉक्टरी मुलाहिजा करवा के दोषियों पर एफआईआर। जिन कांग्रेसजनों पर गैर जमानतीय धाराएं लगाई गई है उसकी विवेचना कर गैर जमानतीय धाराएं हटाई जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री भीड़ लेकर कांग्रेस कार्यालय पर हमला करने आये थे। लोकतंत्र में विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन विपक्षी दल के दफ्तर में मंत्रियो के सामने पथराव किया जाता है, गाली गलौच किया जाता है, यह सर्वथा अस्वीकार्य है। भाजपा के मंत्रियो ने सत्ता के नशे में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया है। कांग्रेस भाजपा के इस कृत्य की निंदा करती है। यदि पुलिस ने अपने आश्वासन के अनुरूप न्याय पूर्ण कार्यवाही नहीं किया तो हम फिर आंदोलन करेंगे।

## राजस्व विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने वसूली की ली जानकारी

- बड़े बाकायादारो को नोटिस देकर कड़ाई से करे वसूली



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने पिछली बैठक मे दिये गये निर्देश के आधार पर वसूली प्रगति की जानकारी लेकर नये डिमाण्ड के अनुसार डिमाण्ड बिल देने तथा बड़े बकायादारो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अच्छी वसूली करने वाले तीन वार्ड प्रभारी को पुरूस्कृत किए। उन्होंने इस माह जुलाई के अंत तक सम्पत्तिकर का भुगतान में 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ लेने करदाताओ से अपील किए।

आयुक्त ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि गत बैठको में दिए गये दिशा निर्देश के आधार पर कार्य करने से राजस्व वसूली में तेजी आई है। सभी वार्ड प्रभारी मेहनत कर रहे है, जिससे वसूली तो बढ़ी है, पर लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्राप्त नही हो पा रही है। कुछ लोगो की वसूली अभी भी कमजोर है, जिन्हें मेहनत करने की आवश्यकता है। वार्ड प्रभारी श्री कबीर नायक द्वारा बिना अनुमति अनुपस्थिति पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी श्री मोबिन अली को दिए।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के करदाताओ का नाम एंव मोबाईल नम्बर रखे और प्रतिदिन सम्पर्क कर वसूली के लिए जाए। क्योकि हर व्यक्ति अपने काम में लगा रहता है, इसलिए सम्पर्क कर घर या प्रतिष्ठान में जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जुलाई माह के अंत तक सम्पत्तिकर के भुगतान में दी जाने वाली 6.25 प्रतिशत छुट के बारे में करदाताओ को बताए। बड़े बकायादारो को डिमाण्ड नोटिस दे और बकायाकरो का भुगतान करने समझाईस दे। उन्हे बताए कि भुगतान नही करने की स्थिति में पेपर में नाम प्रकाशित कर नल कनेक्शन काटने एंव कुर्की की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री मरकाम ने एक सप्ताह में अच्छी वसूली करने पर वार्ड प्रभारी श्री दीपांकर गुरू, संजय शर्मा एवं सुमित यादव को पुरूस्कृत किए।

## निजी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल रमेन डेका से भेंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन (संशोधन) विधेयक, 2026 के तहत नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से संबंधित प्रावधानों पर राज्यपाल से विचार-विमर्श किया। श्री डेका ने राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के विस्तार के सबंद्ध में अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के कुलाधिपति गजराज पगारिया, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई दुर्ग के कुलाधिपति आईपी मिश्रा, भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के कुलाधिपति डॉ. संदीप अरोड़ा, आईएसबीएम विश्वविद्यालय, गरियाबंद और रायपुर के कुलपति डॉ. आनंद महलवार, अंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल, दावड़ा विश्वविद्यालय रायपुर के सीईओ चिन्मय दावड़ा, कोलंबिया विश्वविद्यालय रायपुर के प्रो. कुलाधिपति हरजीत सिंह हूरा उपस्थित थे।

## आरडीए की सभी संपत्तियों की डिजिटल पारदर्शिता के लिए प्री-बिड बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** आर.डी.ए. अध्यक्ष नन्द कुमार साहू एवं उपध्यक्ष डॉ. जे.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा अपनी समस्त पुरानी एवं नई योजनाओं के जीआईएस (Geographic Information System) आधारित सर्वे कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसी क्रम में निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत दिनांक 24 जुलाई 2026 को प्राधिकरण के सभाकक्ष में प्री-बिड (Pre&Bid) बैठक का आयोजन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का उद्देश्य निविदा में भाग लेने वाली संस्थाओं एवं कंपनियों को कार्य की प्रकृ ति, तकनीकी मानकों तथा निविदा की शर्तों के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था। प्री-बिड बैठक में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 20 कंपनियों ने बैठक में सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें से 6 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्राधिकरण के सभाकक्ष में उपस्थित होकर तथा शेष कंपनियों के प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। बैठक के दौरान सहभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय शर्तों, कार्य के दायरे, सर्वे की कार्यप्रणाली, जीआईएस आधारित डाटा संकलन, अभिलेखों के डिजिटलीकरण तथा अन्य प्रावधानों के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे।

## कल रायपुर में होगा भव्य कारगिल विजय दिवस समारोह




**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में कारगिल युद्ध के योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं आम लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर ने कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया है। कारगिल युद्ध के अंतिम पड़ाव में छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद कौशल यादव ने 25 जुलाई 1999 को अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद कौशल यादव को भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। जिनकी शहादत को याद करते हुए 25 जुलाई शाम 4:30 बजे आकाशवाणी चौक में शहीद कौशल यादव के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन तत्पश्चात भव्य बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा किया जाएगा। बाइक रैली आकाशवाणी चौक से कलेक्ट्रेट चौक, मोती बाग, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, संतोषी नगर, बोरिया खुर्द होते हुए मां दुर्गा मंदिर परिसर कांदुल में समापन होगा। तथा दूसरे दिन 26 जुलाई 2026 को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ग्राउंड, मां दुर्गा मंदिर परिसर कांदुल, रायपुर में भव्य कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सहित परिवारों को एवं कारगिल योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं कविता पाठ का आयोजन होगा। उक्त अवसर पर समस्त पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक परिवार एवं समस्त गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया के साथियों को दोनों दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर की ओर से प्रांतीय सचिव योगेश साहू ने की है।

## खण्ड स्तरीय बैंकर्स मीटिंग का आयोजन, डीफअकाउंट को सक्रिय कराने पर जोर



**बलौदाबाजार।** शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक जनपद पंचायत कार्यालय भाटापारा के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। बैठक में शासकीय योजना के पुराने खातें जो विभिन्न बैंकों में हैँ जिसमें लेनदेन नहीं हो रहे हैँ ऐसे डीफ खाते का केवायसी लेकर संचालन में लाने अथवा खाता बंद कर राशि अन्य शासकीय योजना के खातों में स्थानांतरित करेने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्यत: शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री की अतिमहत्वकांक्षी योजना पीएम सूर्यघर के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड,डेयरी व्यवसाय, मछली पालन,पी एम स्वानिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई।

## रायपुर मंडल के भाटापारा स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग

- टिकट चेकिंग के दौरान कुल 212 मामलों से 1,53,765 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान दिनांक 23 जुलाई, 2026 को चलाया गया। जिसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 08 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 212 मामलों को दर्ज कर 1,53,765 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।

किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 110 यात्री पकड़े गए, जिससे 98,665/- राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 66 यात्रियों से 51500/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 36 यात्रियों से 3600/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था।

इस टिकट चेकिंग अभियान का संचालन सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अविनाश कुमार आनंद के द्वारा एवं मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक श्री ए. जेना, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक-टिकट चेकिंग अविजित डे सहित 12 टिकट चेकिंग स्टाफ 04 आरपीएफस्टाफशामिल रहे।

रेल प्रशासन यात्रियों को आगाह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाते पाए जाने पर 1000 रूपये से 5000 रूपये तक जुर्माना अथवा 06 महीने का कारावास का प्रावधान है।

## हॉट-लाइन तकनीक से चालू रेलवे ट्रैक के ऊपर खींची गई 220 केवी लाइन

- राजधानी की बिजली व्यवस्था होगी और मजबूत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर की बिजली व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने के लिए दलदल सिवनी से रायता तक 220 केवी मल्टी सर्किट लाइन का कार्य हॉट-लाइन तकनीक से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि लगभग 60 मीटर ऊंचे दो टावरों के बीच मुंबई-हावड़ा का अत्यंत व्यस्त रेलवे ट्रैक है, जहां औसतन हर 10 मिनट में एक ट्रेन गुजरती है। वहीं टावर के पास लगभग 12 फीट गहरा नाला भी है। ट्रांसमिशन कंपनी के अभियंताओं ने हॉट-लाइन तकनीक का उपयोग करते हुए रेलवे ट्रैफिक को बिना बाधित किए इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि पर ट्रांसमिशन कंपनी के अभियंताओं एवं पूरी टीम को बधाई दी।

ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि दलदल सिवनी से रायता तक 220 केवी मल्टी सर्किट लाइन का कार्य तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल था। रेलवे ट्रैक को बिना बाधित किए तथा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच हॉट-लाइन तकनीक से इस कार्य को पूरा करना ट्रांसमिशन कंपनी के अभियंताओं की तकनीकी दक्षता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दलदल सिवनी में निर्माणाधीन 220/132 केवी सब स्टेशन एवं इस लाइन सहित दोनों कार्यों पर लगभग 89 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। इसके पूर्ण होने पर रायता स्थित 400 केवी सब स्टेशन से दलदल सिवनी 220/132 केवी सब स्टेशन तक सीधे बिजली पहुंच सकेगी तथा रायपुर में बिजली आपूर्ति के लिए पहले उपलब्ध 220 केवी की चार सर्किट लाइनें बढ़कर छह सर्किट लाइनें हो जाएंगी।

## शोक संदेश

### श्रीकांत सिंह सोमवंशी



**रायपुर।** श्रीकांत सिंह सोमवंशी उम्र 77 वर्ष का आज 24 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान मोहबा बाज़ार शिव मंदिर के बाजू से महादेव घाट के लिए निकाली गई। वे आशीष,भानु,बिट्टू एवं वर्षा सोमवंशी के पिताजी थे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# संपादकीय

## जैसा रास्ता, वैसी मंजिल!

वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन की प्रति व्यक्ति औसत आय 4,635 डॉलर से अधिक हो गई है, जिससे वे उच्च मध्यम आय वर्ग में पहुंच गए हैं। भारत अभी इस मंजिल से कोसों दूर है। विश्व बैंक ने बीते हफ्ते वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन को उच्च-मध्यम आय वर्ग वाली देशों की श्रेणी में डाल दिया, जबकि जाहिर हुआ कि भारत अभी इस मंजिल से बहुत दूर है। सबसे तेजी से उठती अर्थव्यवस्था और विकसित भारत की कहानियों में यकीन करने वाले समूहों में इस खबर से बड़ी बेचैनी देखी गई है। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के आधार पर देशों की श्रेणी बनाता है। 1,176 से 4,635 डॉलर प्रति व्यक्ति औसत आय वाले देशों को निम्न मध्य आय वर्ग में रखा जाता है। वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन की प्रति व्यक्ति आय 4,635 डॉलर से अधिक हो गई है। जबकि भारत अभी 2,760 डॉलर तक ही पहुंच पाया है। अपने यहां सबसे ज्यादा व्यग्रता इस तथ्य से पैदा हुई है कि वियतनाम भारत के दो साल बाद यानी 2009 में निम्न मध्यम वर्ग आय श्रेणी में पहुंचा था। उसके 17 साल बाद वह अगली श्रेणी में जा पहुंचा है। जबकि डेमोग्रैफिक डिविडेंड, बड़े उपभोक्ता बाजार और दूरदर्शी नेतृत्व आदि जैसी कथाओं में खोये भारत के सामने मिडल इनकम ट्रैप में फंसे रह जाने की परिस्थिति आ खड़ी हुई है। यहां जानबूझ कर निर्मित निराधार कहानियों ने मानव विकास की उपेक्षा, अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी, कारोबार के रास्ते में मौजूद रुकावटों से बेपरवाही तथा आर्थिक और वित्तीय शक्तियों के कुछ घरानों में केंद्रित होते चले जाने की हकीकत पर परदा डाले रखा है। दूसरी तरफ वियतनाम ने प्रशिक्षित श्रमिक वर्ग तैयार किया, जिससे 'चाइना+1' का दौर आने पर उसका लाभ उठाने में वह सफल हुआ। वह मैनुफैक्चरिंग को बहुरूप देने और निर्यात उन्मुख नीतियों पर अमल करने में कामयाब हुआ। नतीजतन, वहां लाखों नई नौकरियां पैदा हुईं, जिनसे आम जन की आमदनी बढ़ी। फिलीपीन्स पश्चिमी कंपनियों की जरूरत के मुताबिक सेवा प्रदान करने के ढांचे की बदौलत आगे बढ़ा है, तो चार साल पहले व्यापक अस्थिरता का शिकार हुआ श्रीलंका फिर से विकास मार्ग पर चल निकला है। इसके विपरीत भारत के नीति-निर्माता वर्तमान की बलि चढ़ा कर अतीत के गौरव की तलाश में मग्न रहे हैं, तो उसके परिणाम से हम कैसे बच सकते हैं!

# भारत-ब्रिटेन के व्यापार को मिली नई रफ्तार

डा. जयंतीलाल भंडारी

वाहन और प्रीमियम मदिरा क्षेत्र में ब्रिटिश आयात बढने से भारत के घरेलू उत्पादकों को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं को जो 5 साल का सुरक्षा चक्र मिला है, उसका उन्हें आक्रामक रूप से अनुसंधान और विकास में उपयोग करना होगा ताकि वे भविष्य में वैश्विक प्रतिस्पर्धा का डटकर सामना कर सकें.. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू हुआ व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीटा) दोनों देशों की अटूट साझेदारी का एक युगांतरकारी पड़ाव है। यह ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) दोनों देशों की साझा महत्वाकांक्षाओं को ठोस अवसरों में बदलेगा। इस व्यापार समझौते में लगभग शून्य-शुल्क और सामाजिक सुरक्षा की नई व्यवस्था हमारे किसानों, उद्यमियों और लघु उद्योगों को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाकर उत्कृष्टता का एक नया मापदंड स्थापित करेगी। भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन के अनुसार यह एफ्टीए दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने, नवाचार को गति देने तथा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार एवं विकास को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को सीटा के लागू होने के पहले दिन ही 14 करोड़ डॉलर मूल्य का माल निर्यात हुआ है और आगामी दिनों में माल निर्यात के लिए बड़ी मात्रा में आर्डर मिल चुके हैं। नि:संदेह यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है। यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समझौते से ब्रिटेन जाने वाली करीब 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इससे ब्रिटेन के बाजार में भारतीय वस्तुएं



सस्ती होंगी और उनका निर्यात बढ़ेगा। निश्चित रूप से भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक है और इसके दूरगामी रणनीतिक आर्थिक लाभ होंगे। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार संतुलित तो है, लेकिन दोनों देशों की वास्तविक क्षमता से काफी कम है। ब्रिटेन सालाना लगभग 949 अरब डॉलर मूल्य की विभिन्न वस्तुओं का आयात करता है और इसमें भारत की हिस्सेदारी महज 13.44 अरब डॉलर की है। इसी प्रकार, ब्रिटेन सालाना लगभग 399 अरब डॉलर का सेवा आयात करता है और उसमें भारत की हिस्सेदारी महज 21.66 अरब डॉलर ही है। यह समझौता ब्रिटेन के लिए यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद किए गए अन्य सभी समझौतों (जैसे ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या प्रशांत-पार साझेदारी) की तुलना में उसके सकल घरेलू उत्पाद को सबसे बड़ा बढ़ावा देने वाला साबित होगा। इससे आगामी वर्षों में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारी उछाल का अनुमान है। यह मुक्त व्यापार समझौता पश्चिमी देशों की 'चीन से इतर' आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण की रणनीति के तहत भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के एक विश्वसनीय और रणनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित करता है। औषधि निर्माण के क्षेत्र में भारत दुनिया की फार्मा हब के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बाजार पहुंच और शुल्क संरचना के सरलीकरण के मोर्चे पर ब्रिटेन ने अभूतपूर्व उदारता दिखाई है। यह भारतीय विनिर्माण और विशेषकर सेवा क्षेत्र के लिए एक विशाल अवसर है। दूसरी ओर, भारत ने भी अपने घरेलू हितों और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए ब्रिटेन के 90 प्रतिशत उत्पादों पर सीमा शुल्क को धीरे-धीरे और चरणबद्ध तरीके से कम या समाप्त करने पर सहमति जताई है। इस प्रकार, दोनों देशों ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आपसी व्यापारिक बाधाओं को न्यूनतम करने का एक आदर्श मार्ग खोज निकाला है। वाहन क्षेत्र में इस समझौते के तहत किए गए नीतिगत बदलाव बेहद क्रांतिकारी हैं। चूंकि भारत मूलत: एक सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था है और इस समझौते में सेवा क्षेत्र को विशेष महत्व दिया गया है। इसके तहत भारतीय पेशेवरों के हितों की दृढ़ता से रक्षा की गई है। अब सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, वित्तीय विश्लेषक, डॉक्टर, नर्स, डेटा वैज्ञानिक और इंजीनियरों को ब्रिटेन में काम करने और अपनी सेवाएं देने के लिए बेहतर, सुव्यवस्थित और बाधामुक्त व्यावसायिक गतिशीलता मार्ग मिलेंगे। इसके साथ ही, समझौते के तहत एक ऐतिहासिक सामाजिक सुरक्षा समझौता हुआ है, जिसके तहत भारतीय पेशेवरों को ब्रिटेन में रहने के दौरान वहां राष्ट्रीय बीमा योगदान देने के बाद भारत में दोबारा सामाजिक सुरक्षा कर नहीं देना होगा। इससे पेशेवरों और कंपनियों की बड़ी वित्तीय बचत होगी। नि:संदेह भारत के उन क्षेत्रों को इससे सबसे बड़ा लाभ होने जा रहा है जहां बड़े पैमाने पर मानव श्रम की आवश्यकता होती है और जो ग्रामीण या अर्ध-शहरी अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। वस्त्र, जूते-चप्पल, कालीन, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, मसाले और समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन में पहले 4 प्रतिशत से 16 प्रतिशत तक भारी कर लगता था, जो अब इस समझौते के तहत पूरी तरह से शून्य हो गया है। इस शुल्क मुक्त पहुंच से भारतीय कपड़ा और चमड़ा उद्योग के निर्यात में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, जिससे देश में लाखों नए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, विशेषकर महिला कार्यबल के सशक्तिकरण को बल मिलेगा। विनिर्माण और घरेलू उत्पादन के मोर्चे पर भी यह समझौता भारतीय ऑटो घटकों, अभियांत्रिकी सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स और परिष्कृत धातु उत्पादों को ब्रिटिश बाजार में बेहतर हिस्सेदारी दिलाएगा। कम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल और उन्नत ब्रिटिश तकनीक की उपलब्धता से भारत में विनिर्माण की गुणवत्ता वैश्विक मानकों के अनुरूप बेहतर होगी। इसके साथ ही, भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए भी नए विकल्प खुलेंगे। यद्यपि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि भारतीय उद्योग और नीति निर्माता आने वाली चुनौतियों का सामना कितनी मुस्तैदी से करते हैं। शुल्क कम या शून्य होने का मतलब यह नहीं है कि ब्रिटिश बाजार में प्रवेश पूरी तरह से आसान हो जाएगा। भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के सख्त तकनीकी व्यापारिक बाधा मानकों, स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों तथा पर्यावरणीय और सतत विकास नियमों का सामना करना पड़ेगा।यदि भारतीय उत्पादों में गुणवत्ता की कमी पाई गई, तो वे अस्वीकार किए जा सकते हैं। इसलिए भारतीय कंपनियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता, परीक्षण प्रयोगशालाओं और पैकेजिंग में व्यापक सुधार करना होगा। इसके अलावा वाहन और प्रीमियम मदिरा क्षेत्र में ब्रिटिश आयात बढने से भारत के घरेलू उत्पादकों को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं को जो 5 साल का सुरक्षा चक्र मिला है, उसका उन्हें आक्रामक रूप से अनुसंधान और विकास में उपयोग करना होगा ताकि वे भविष्य में वैश्विक प्रतिस्पर्धा का डटकर सामना कर सकें। उम्मीद करें कि 15 जुलाई से लागू हुआ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच केवल एक व्यापारिक दस्तावेज नहीं रहेगा, बल्कि यह 21वीं सदी की आर्थिक प्राथमिकताओं और रणनीतिक आवश्यकताओं को दर्शाने वाली एक ऐतिहासिक साझेदारी सिद्ध होगा। उम्मीद करें कि यह समझौता भारत को अपनी वास्तविक निर्यात क्षमता को विस्तारित करने, घरेलू विनिर्माण को विश्वस्तरीय बनाने और रोजगार के अवसर देगा।

# आलेख

## यह युवाओं में भरा हुआ गुस्सा है!

अजीत द्विवेदी

जंतर मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल और कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन एक सामान्य सी मांग को लेकर शुरू हुआ था। छह जून को अमेरिका से लौटे अभिजीत दीपके ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन का आयोजन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने अमेरिका में रहते हुए एक सोशल मीडिया हैंडल बनाया था, जिसका नाम रखा था 'कॉकरोच जनता पार्टी'। बाद में इसके एक्स हैंडल को सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया तो 'कॉकरोच इज बैक' नाम से दूसरा हैंडल बनाया गया। सो, कुल मिला कर यह एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बना हैंडल है, जिसने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को मुद्दा बनाया था। 28 जून को वापस जंतर मंतर पर प्रदर्शन शुरू करने से पहले दीपके ने महाराष्ट्र के अपने गांव से कई संदेश दिए और जयपुर व नागपुर में भी प्रदर्शन किया। हर जगह उन्होंने एक ही मुद्दा उठाया कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। यह विशुद्ध रूप से एक एक लोक लुभावन राजनीतिक नारा था और तभी इसे जमीनी स्तर पर बहुत समर्थन नहीं मिला। जिस तेजी से सोशल मीडिया हैंडल पर इसके फॉलोवर बढ़े थे वह तेजी दो दिन के बाद ही थम गई। छह जून के प्रदर्शन को सीमित सफलता मिली। दीपके तीन घंटे के प्रदर्शन के बाद बेहोश हो गए और एसी गाड़ी में बैठने चले गए। तब ऐसा कतई नहीं लगा था कि यह आंदोलन इतना बड़ा होगा और इससे देश भर के छात्र, युवा और उनके अभिभावक जुड़ जाएंगे। इसका श्रेय जाता है सोनम वांगचुक को। उन्होंने इस आंदोलन को एक व्यापक स्वरूप दिया। वे शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और उनकी अपनी एक नैतिक ताकत है। जैसे अन्ना हजारे की पहचान भ्रष्टाचार विरोधी समाजसेवी की थी वैसे ही सोनम वांगचुक की छवि एजुकेटर और इनोवेटर की है। इसलिए जब वे आंदोलन से जुड़े और उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ साथ शिक्षा व परीक्षा की गड़बड़ियों को मुख्य मुद्दा बनाया तब इस आंदोलन का दायरा बढ़ गया। सरकार इस बात को समझने में नाकाम रही कि यह आंदोलन बहुत बड़ा हो गया है। वह इसकी तीव्रता और व्यापकता को जंतर मंतर पर जुड़ी भीड़ से माप रही थी। जबकि यह जंतर मंतर से ही नहीं, बल्कि सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी की सीमाओं से भी व्यापक हो गया है। जो लोग भी इसका आकलन जंतर मंतर की भीड़ से करेंगे वे धोखा खाएंगे। इस आंदोलन का दायरा पूरे देश में फैल गया है। देश के अलग अलग हिस्सों में जितने लोग इस आंदोलन का समर्थन करने निकल रहे हैं उसके कई गुना ज्यादा लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसका समर्थन कर रहे हैं और उससे भी कई गुना ज्यादा लोगों के दिलों में इस आंदोलन को लेकर समर्थन का भाव पैदा हुआ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश का हर परिवार इससे अपने को जुड़ा हुआ पा रहा है। असल में हर राज्य में और हर तरह की परीक्षा में गड़बड़ी हो रही है। यह गड़बड़ी कई किस्म की है। कहीं समय से परीक्षा नहीं हो रही है, परीक्षा हो रही है तो पेपर लीक हो जा रहा है, नतीजों में देरी हो रही है, नतीजों जारी हो रहे हैं तो उनमें गड़बड़ी हो जा रही है, नतीजे आने के बाद भी नियुक्ति नहीं हो रही है और इस पूरी प्रक्रिया में हर साल लाखों बच्चों की उम्र सीमा निकल जा रही है। उसको भले यह नहीं लग रहा हो कि इस आंदोलन से उसकी समस्याओं का पूरा समाधान हो जाएगा फिर भी वह इसलिए इससे जुड़ रहा है क्योंकि उसे यह आंदोलन अपने संचित आक्रोश की अभिव्यक्ति प्रतीत हो रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी भले मई में बनी या सोनम वांगचुक भले शिक्षा का मुद्दा लेकर 28 जून को भूख हड़ताल पर बैठे परंतु छात्रों का मुद्दा मई या जून का नहीं है। पिछले कई बरसों से छात्र और युवा इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनके अंदर बरसों से जो गुस्सा इकट्ठा हो रहा था वह इस आंदोलन में अभिव्यक्त हो रहा है। केंद्र सरकार इस आंदोलन को लेकर एक के बाद एक गलतियां करती जा रही है। सोनम वांगचुक के आंदोलन की अनदेखी करना एक गलती थी तो दूसरी गलती पुलिस भेज कर उनको जंतर मंतर से उठवा लेने की थी। तीसरी गलती यह थी कि सरकार ने कोई बैक चैनल वार्ता नहीं की। सीधे जेपी नड्डा से 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रतिनिधियों की मुलाकात कराई गई। यह मुलाकात भी ऐसे समय में हुई, जब हजारों की संख्या में छात्र और युवा सड़क पर थे। उनके ऊपर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेताओं का कोई नियंत्रण नहीं था। इसलिए बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। चौथी गलती यह है कि सरकार छात्रों और युवाओं के आंदोलन को आपराधिक कृत्य बताने का नैरेटिव पुश कर रही है। पुलिस मुकदमे दर्ज कर रही है।

# जेनरेशन-ज़ेड ने हिलाई लुटियंस दिल्ली

श्रुति व्यास

मैंने सोमवार सुबह यह गलत लिखा कि भारत की जेनरेशन-ज़ेड राजनीति से उदासीन है, डरपोक तरुणाई है और व्यवस्थापरस्त है। लेकिन सोमवार को ही नई दिल्ली की लुटियंस दिल्ली की सड़कों ने मेरा भ्रम चकनाचूर कर दिया। चार-चार परतों वाली बैरिकेडिंग, रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ और दिल्ली-त्रिपुरा आदि की पुलिस के हजारों जवानों, दंगा-रोधी वाहन, नाकाबंदी, बंद मेट्रो स्टेशन और बाधित इंटरनेट के बावजूद युवाओं का जनसैलाब अकल्पनीय था। मैंने सोचा था कि सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से उठवा कर सरकार ने 20 जुलाई के प्रदर्शन को फुस्स कर दिया है। पर आज प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी जान गए होंगे कि जिस युवापीढ़ी को वे अपना 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' मानते थे, वही अब जज़्बाती गुस्से में है। मैं सुबह साढ़े दस बजे से शाम पाँच बजे तक संसद भवन के इर्द-गिर्द, रिज़र्व बैंक के आसपास, पटेल चौक, संचार भवन, जंतर-मंतर, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब और रायसीना रोड पर उस युवा जोश से रूबरू थी, जिसमें लड़कों से अधिक लड़कियाँ गुस्से में दिखीं। पुलिस से लड़कियाँ न केवल भिड़ रही थीं, बल्कि वे मीडिया से भी बेबाकी से बोल रही थीं। पुलिसकर्मियों से वे पूछ रही थीं, क्या तुम्हारे बेटे-बेटियाँ नहीं हैं? ऐसा दिन न अन्ना आंदोलन के समय था और न निर्भया आंदोलन के समय। जबकि आज पूरा दिन उमस से भरा था। इतनी उमस कि कपड़े शरीर से चिपक जाएँ। बादल बरसते, फिर धूप निकल आती, फिर बारिश लौट आती। लेकिन मौसम जितना भारी था, पुलिस बंदोबस्त जितने भारी थे युवाओं का उत्साह उससे कहीं अधिक था। समय बीतने के साथ भीड़ कम नहीं हुई, वह लगातार बढ़ती गई। जंतर-मंतर की ओर आने वाली लगभग हर सड़क छात्रों और युवाओं से भरी थी। नारे गूंज रहे थे। जोश, हिम्मत साफ महसूस हो रही थी। यदि कोई पूछता कि हाउ इज़ द जोश?, तो जवाब दिल्ली की सड़कें खुद दे रही थीं—हाई। प्रदर्शन में केवल दिल्ली का ही युवा नहीं था। देश के अलग-अलग हिस्सों से छात्र पहुंचे थे। मेरी मुलाकात जयपुर से आए कुछ युवाओं से हुई, जो सिर्फ मार्च में शामिल होने नहीं, बल्कि एकजुटता जताने आए थे। पंजाब, मुंबई, हरियाणा और कई दूसरे राज्यों से भी छात्र पहुंचे थे। भीड़ में इंजीनियर थे, डिजाइनर थे, एमबीए के छात्र थे, कानून पढ़ने वाले थे, किसान परिवारों के युवा थे। कई पहली बार दिल्ली आए थे। वे सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने नहीं, बल्कि अपनी आवाज़ सुनाने आए थे। भीड़ में मेरी मुलाकात दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में स्नातक कर चुकी रागिनी से हुई। वह पुलिस की बैरिकेडिंग के ठीक बाहर खड़ी थी। कुछ ही मिनट पहले महिला पुलिसकर्मी उसे घसीट कर वहां तक लाई थीं। उसके छोटे-छोटे हाथों की त्वचा अब भी लाल पड़ी थी। कलाइयों पर उभरते नीले निशान साफ दिखाई दे रहे थे। लेकिन उसके चेहरे पर डर नहीं था। उल्टा, जैसे उस टकराव ने उसके इरादे को और धार दे दी हो। बात करते हुए वह अनमने ढंग से अपनी उंगलियां मोड़ती-खोलती रही, मानो दर्द अब उसके लिए मायने ही नहीं रखता। आंखों में आग थी, आवाज़ में ज़रा भी कंपन नहीं। वह मयूर विहार से प्रदर्शन देखने नहीं आई थी। वह उसका हिस्सा बनने आई थी रागिनी ने बताया कि जिस मास्टर्स कोर्स में वह दाखिला लेना चाहती है, उसमें सामान्य वर्ग के लिए अब केवल 18 सीटें बची हैं। जिस एनसीसी मार्ग से आगे बढ़ने की उसने योजना बनाई थी, उसके पात्रता नियम भी बदल दिए गए हैं। और अगर वह अभी नौकरी करने लगे, तो मुश्किल से बारह हजार रुपये महीने कमा पाएगी।आप ही बताइए, उसने मुझसे पूछा, ग्रेजुएट होकर भी सिर्फ़ बारह हजार कमाऊंगी? फिर वह बोली, नेता अपने बच्चों को विदेश पढ़ने भेजते हैं। आलीशान ज़िंदगी जीते हैं। हमारा क्या? दोपहर तक रागिनी उस विशाल जनसमूह का सिर्फ़ एक चेहरा रह गई थी, जो देश के अलग-अलग हिस्सों से राजधानी के दिल की ओर बढ़ रहा था। रागिनी अकेली नहीं थी। उसके जैसे सवाल पूरे प्रदर्शन में बार-बार सुनाई दे रहे थे। संसद मार्ग के बाहर मेरी मुलाकात उन कुछ दोस्तों से हुई, जो सिर्फ़ एकजुटता जताने के लिए रातभर का सफ़र तय कर जयपुर से आए थे। पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से भी छात्र पहुंचे थे। कई तो सीधे रेलवे स्टेशन से अपने बैग कंधों पर लटकाए मार्च में शामिल हुए। उनमें से कई ने बताया कि यह उनके जीवन का पहला प्रदर्शन था।थोड़ी देर बाद मेरी मुलाकात हिमांशी से हुई। वह और उसकी सहेलियाँ आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के बाद आगे बढ़ रही थीं। आँखें लाल थीं। हाथों और कलाइयों पर धक्का-मुक्की के निशान थे। लेकिन उनमें डर नहीं था। हिमांशी पिछले वर्ष ग्रेजुएशन कर चुकी है और फैशन इंडस्ट्री में काम करती है। उसके साथ काम करने वाली उसकी सहेलियाँ भी थीं। ढीली जींस, टी-शर्ट और सिर पर बंधे बैंडाना पहने ये युवा किसी राजनीतिक संगठन की पारंपरिक तस्वीर नहीं लग रहे थे। लेकिन बातचीत शुरू होते ही उनकी राजनीतिक चेतना साफ दिखाई देने लगी। वे भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और सरकार की कार्यशैली पर खुलकर सवाल उठा रहे थे। कुछ ही दूरी पर एक प्रदर्शनकारी आइसक्रीम खाते हुए एक पोस्टर पकड़े खड़ा था, जिसमें पुराने मेलोडी चॉकलेट विज्ञापन का व्यंग्यात्मक रूपांतरण किया गया था। काले चश्मे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के नीचे लिखा था—पेपर लीक कब बंद होगा? मेलोडी खाओ, खुद जान जाओगे। राहगीर मुस्कुरा रहे थे, तस्वीरें खींच रहे थे। लेकिन उस हास्य के भीतर कड़वाहट इतनी गहरी थी कि उसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल था। दूसरे पोस्टरों पर बस तीन मांगें लिखी थीं—नौकरियां, जवाबदेही और भविष्य। सांझ ढलते-ढलते एड्रेनालिन की जगह थकान ने ले ली। कपड़े भीग चुके थे। आवाज़ें बैठ चुकी थीं। दर्जनों छात्र हिरासत में लिए जा चुके थे।

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी...

प्रमोद भार्गव

पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी ह रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का आपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे हैं। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लडकों के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक






कार्यकर्ता मीर यार बलूच को बलूच के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। यदि बलूच स्वतंत्र देश बन जाता है तो भारत-पाक युद्ध के बीच 1971 की तरह एक युगांतरकारी घटना देखने को मिलेगी, जिसमें बलूचों द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव में भारत भी भागीदार हो सकता है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफका तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफके संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए। साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक की जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'कवच' प्रणाली का SIL-4 ट्रायल सफल

- सिग्नल पहचान, स्वचालित ब्रेकिंग, गति नियंत्रण एवं आपातकालीन SOS प्रणाली का सफल परीक्षण



**बिलासपुर/रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेल की स्वदेशी अत्याधुनिक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के अंतर्गत आज दिनांक 23 जुलाई 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपूर रेल मण्डल के अंतर्गत कलमना–सालवा (25 किलोमीटर) रेलखंड में सायं 15:00 बजे से 17:30 बजे तक SIL-4 स्तर का कवच ट्रायल ब्रेकिंग मोड ऑन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस परीक्षण के दौरान कवच प्रणाली की विभिन्न सुरक्षा सुविधाओं का परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।

परीक्षण के दौरान सिग्नल आस्पेक्ट की पहचान, स्वचालित ब्रेकिंग (ऑटोमैटिक ब्रेकिंग), स्वचालित गति नियंत्रण (ऑटोमैटिक स्पीड कंट्रोल) तथा आपातकालीन SOS प्रणाली (आपातकालीन अलर्ट) का परीक्षण किया गया और सभी परीक्षण संतोषजनक पाए गए।

सामान्य परिस्थितियों में लाल सिग्नल मिलने पर लोको पायलट स्वयं ब्रेक लगाता है। यदि किसी कारणवश लोको पायलट समय पर ब्रेक लगाने में असमर्थ रहता है, तो कवच प्रणाली स्वत: सिग्नल की स्थिति का पता लगाकर स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देती है, जिससे ट्रेन सुरक्षित रूप से रुक जाती है और सिग्नल पास्ड एट डेंजर (SPAD) जैसी घटनाओं की संभावना को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

स्वचालित गति नियंत्रण परीक्षण के दौरान यह परखा गया कि रेलखंडों एवं यार्डों में निर्धारित गति प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित हो। यदि लोको पायलट निर्धारित सीमा के अनुरूप गति नियंत्रित नहीं कर पाता, तो कवच प्रणाली स्वत: हस्तक्षेप कर ट्रेन की गति को निर्धारित सीमा के भीतर ले आती है, जिससे संरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित होता है।

आपातकालीन SOS सुविधा का परीक्षण स्टेशन तथा लोको दोनों स्तरों से किया गया। यदि लोको पायलट रेलखंड में किसी असामान्य या आपात स्थिति को देखता है, तो वह तत्काल SOS अलर्ट (आपातकालीन अलर्ट) जारी कर सकता है। यह अलर्ट निकटवर्ती स्टेशनों एवं आसपास संचालित लोकोमोटिवों तक तुरंत पहुँच जाता है, जिसके बाद आवश्यकता पड़ने पर संबंधित ट्रेनों में स्वचालित ब्रेकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। इसी प्रकार यदि स्टेशन मास्टर किसी आपात स्थिति का पता लगाता है, तो वह भी SOS (आपातकालीन अलर्ट) जारी कर सकता है। यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा संरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस ट्रायल के दौरान लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, लोको इंस्पेक्टर, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना), नागपुर तथा सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना), नागपुर उपस्थित रहे।

'कवच' भारतीय रेल द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक स्वदेशी ट्रेन संरक्षा प्रणाली है, जो सिग्नल उल्लंघन की रोकथाम, गति नियंत्रण तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित संरक्षा प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर रेल संचालन को अधिक संरक्षित, विश्वसनीय एवं तकनीक–संचालित बना रही है।

# श्रेष्ठ अभिभावक बन माता-पिता बच्चों को संस्कारित करें: बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज

- श्रमण धारा प्रवचन माला में मुनि श्री का माता-पिता को मंगल उपदेश।



**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** इस सदी के महान संत समाधिष्ठ आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में विशाल जैन समूह के समक्ष मंगल प्रवचन करते हुए कहा अपने बच्चों को संस्कारित करना माता–पिता का प्रथम कर्तव्य है। मगर वर्तमान में संयुक्त परिवार समाप्त हो गए हैं। माता–पिता को अपने बच्चों को संस्कार देने समय नहीं है। इस कारण नई पीढ़ी संस्कारों से विमुख होकर गलत मार्ग पर जा रही है।

मुनिराज ने अच्छे अभिभावक कैसे बने इस विषय पर मंगल उपदेश देते हुए कहा बालक को 1 वर्ष से 5 वर्ष तक लाड़ प्यार दें, 5 वर्ष से 15 वर्ष तक डाट फटकार दें एवं उनकी हर गतिविधि पर नजर रखें। जब बच्चा 15 वर्ष से ऊपर 16 वर्ष का हो जाए तो उससे मित्र वत व्यवहार करना माता–पिता का कर्तव्य है। आपने सुप्रसिद्ध संत विनोबा भावे की जीवनी का उल्लेख करते हुए कहा उन्होंने अपनी जीवनी में लिखा है उनके पिताजी ने उन्हें उपरोक्त अनुसार संस्कार दिए थे। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने भी अपने सैकड़ो शिष्यों को लाड़ प्यार, डाट फटकार एवं समय–समय पर मार्गदर्शन देकर सुयोग्य शिष्य बनाया है। इसीलिये गुरु को कुंभकार एवं शिष्य को कच्ची मिट्टी का घड़ा कहा गया है। आपने यह भी कहा कि हम छोटे–छोटे बच्चों को उनकी जिद पूरी करने के लिए उनके हाथ में मोबाइल दे देते हैं बचपन से ही उन्हें मोबाइल की गंदी लत लग जाती है, जो उनका जीवन बर्बाद कर देती है। माता–पिता के संस्कारों के अभाव में बच्चे रात को 2 बजे सोते हैं एवं सुबह 10 बजे के बाद सो कर उठते हैं। जबकि रात्रि 9 बजे सो कर सूर्योदय के पूर्व सुबह 5 बजे तक उठकर नित्य कर्म से निवृत्त होकर भगवान के पूजन अभिषेक एवं दर्शन करने मंदिर जाना चाहिए। यह संस्कार आज लगभग समाप्त हो रहे हैं यह गंभीर चिंता का विषय है। दिगंबर जैन समाज राघौगढ़ के कार्यक्रम संयोजक विकास कुमार जैन ने जानकारी दी है धर्म नगरी राघौगढ़ में विराजमान मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज आगामी 28 जुलाई मंगलवार को धार्मिक विधि विधान से चातुर्मास राघौगढ़ में करने का संकल्प लेंगे। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व है एवं इसी शुभ दिन संघस्थ मुनि ओंकार सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस है इस शुभ दिन को मुनि संघ के सानिध्य में अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

**– विजय जैन**

# प्रभारी सीएमओ का कार्यालय सील, प्रशासनिक कसावट

- अनुपस्थिति और वरिष्ठ अधिकारियों का फोन नहीं उठाने पर कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस जारी होगा




**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** जशपुर नगर पालिका के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) योगेश्वर उपाध्याय के लगातार कार्यालय से अनुपस्थित रहने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को उनके कार्यालय को सील कर दिया। यह कार्रवाई प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने और कार्यों में आ रही बाधा को देखते हुए की गई।

सूचना मिलने पर एसडीएम विश्वास राव मस्के तत्काल नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और प्रभारी सीएमओ के कार्यालय का निरीक्षण किया। लगातार अनुपस्थिति के कारण उनके कक्ष को सील कर दिया गया तथा कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रशासनिक कार्रवाई संबंधी सील चस्पा की गई।

जानकारी के अनुसार प्रभारी सीएमओ पिछले लगभग नौ दिनों से कार्यालय से अनुपस्थित थे। इस दौरान नगर पालिका के कई प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए। निजी एवं शासकीय कार्यों से आने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि उन्हें कार्यालय के बाहर इंतजार करना पड़ता था। प्रशासन की इस कार्रवाई से नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप की स्थिति रही। मामले में आगे की प्रशासनिक कार्रवाई भी की जा रही है।

## कारण बताओ नोटिस होगा जारी

जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय को उनकी लगातार अनुपस्थिति के संबंध में कारण बताओ (शो कॉज) नोटिस जारी किया जाएगा। प्रशासन उनसे अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण मांगेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजेश गिड़िया अध्यक्ष व विजय मालू महामंत्री बने



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विचक्षण जैन विद्यापीठ (VJV) की 11वीं साधारण सभा में आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल हेतु संस्था के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। सभा में श्री राजेश गिड़िया को अध्यक्ष, इंजीनियर श्री राजेंद्र जैन एवं श्री अनिल लोढ़ा को उपाध्यक्ष, सीए विजय मालू को महामंत्री, श्री सुनील गोलेच्छा को कोषाध्यक्ष तथा श्री योगेश लूणावत एवं श्री विशाल संचेती को सहमंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर श्री सुरेश कांकरिया, श्री संपत झाबक, श्री प्रकाश मालू, श्री सुपारस गोलछा, श्री अजय सिंघी एवं श्री राजेश सावनसुखा सहित संस्था के अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। साधारण सभा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया तथा सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में विचक्षण जैन विद्यापीठ शिक्षा, संस्कार एवं संगठनात्मक विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। अंत में सभी मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

## ॥ शोक सूचना ॥

हमारे परम पूज्य पिताजी

**श्री गणेश दास मानिकपुरी**

का देहावसान 22 जुलाई 2026 को हो गया है।



09/09/1946 - 22/07/2026

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी स्नेहपूर्ण उपस्थिति एवं श्रद्धांजलि सादर अपेक्षित है।

-: कार्यक्रम :-

| | |
|---|---|
| तीजनहावन | : शुक्रवार, 24 जुलाई 2026 |
| पचनहावन | : रविवार, 26 जुलाई 2026 |
| अठपहला व चौका आरती | : बुधवार, 29 जुलाई 2026 |
| तालाब कार्यक्रम | : 12:00 बजे तक सम्पन्न होगा |

कार्यक्रम स्थल

ग्राम - दोन्दे खुर्द, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं हमें कृतार्थ करें।

-: विनीत :-

खुमान - अंबिका | विजय - अंजु
गिरवर - स्व. शकुन | राजेश - दीप्ती

**समस्त शोकाकुल परिवार**

# सेंट्रल इंडिया में पहली बार डॉ. उज्ज्वला स्किन क्लिनिक में विश्वप्रसिद्ध 'Fotona डायनामिक्स मैक्स' लेज़र तकनीक शुरू

**रायपुर।** रायपुर के प्रमुख डर्मेटोलॉजी, ट्राइकोलॉजी, एस्थेटिक्स एवं एडवांस्ड लेज़र सेंटर 'डॉ. उज्ज्वला स्किन क्लिनिक' ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह क्लिनिक अब सेंट्रल इंडिया में पहली बार विश्वप्रसिद्ध 'Fotona डायनामिक्स मैक्स' लेज़र तकनीक की शुरुआत करने जा रहा है। पूरे भारत में स्थापित होने वाली यह चौथी फोटोन डायनामिक्स मैक्स मशीन है, जो रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह सेंटर हमेशा से त्वचा, बाल एवं एस्थेटिक समस्याओं का आधुनिक, वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस नई और अत्याधुनिक लेज़र तकनीक के आने से मरीजों को त्वचा और बालों से जुड़ी कई समस्याओं का सटीक समाधान मिलेगा।



# जिन्दल स्टील लिमिटेड में बड़े पदों पर कई नियुक्तियां, विद्या रतन शर्मा पुन: प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** जाने–माने उद्योगपति श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील लिमिटेड ने आज 24 जुलाई, 2026 को आयोजित अपनी निदेशक मंडल की बैठक के बाद महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। इन निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए, बोर्ड ने 24 जुलाई, 2026 से प्रभावी दो साल की अवधि के लिए श्री विद्या रतन शर्मा को कंपनी के अतिरिक्त निदेशक और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

श्री शर्मा, जो एक प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञ हैं और जिन्होंने पहले 2019 से 2022 तक प्रबंध निदेशक तथा 2010 से 2014 तक डिप्टी एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्य किया है, वे जिंदल स्टील को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए नियुक्त किये गए हैं। मुख्य कार्यकारी एवं वरिष्ठ नेतृत्व नियुक्तियां अपने कार्यकारी नेतृत्व तंत्र को मजबूत करने और अपने बढ़ते कारोबार को समर्थन देने के व्यापक प्रयास के तहत, जिंदल स्टील लिमिटेड ने 24 जुलाई, 2026 से प्रभावी निम्नलिखित प्रमुख नियुक्तियों की भी घोषणा की।

श्री संदीप मोदी को मुख्य वित्तीय अधिकारी और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री मोदी के पास दो दशकों से अधिक का वित्तीय नेतृत्व का अनुभव है। वे इससे पहले हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के सीएफओ के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस नियुक्ति के परिणामस्वरूप, अंतरिम सीएफओ के रूप में कार्य कर रहे श्री सुनील अग्रवाल अब वित्त विभाग में ही अन्य महत्वपूर्ण काम देखेंगे। श्री राजीव कुमार को मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री कुमार एक धातुकर्म इंजीनियर हैं, जिन्हें स्टील क्षेत्र में नेतृत्व का 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है—जिसमें वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ और टाटा स्टील में वीपी ऑपरेशन्स (कलिंगनगर) जैसी भूमिकाएं शामिल हैं। वे सभी संयंत्रों और खनन स्थलों के परिचालन की देखरेख करेंगे।

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(4th Call)

NIT NO: 714/RAIPUR DATED: 22/07/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 03.08.2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (In (Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | 195997 | शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 हमीद नगर में नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 15,39,279.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.infrom **22.07.2026**, 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email IDhelpdesk.eproc@cgswan.gov.in 3. For More Details please download NIT details.

**ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33573/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33573
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M0564C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL LAND KABIJ - ASMENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHUKHAN KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HEMANT KUMAR GOYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAHLAD GOYAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33574/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33574
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M0564D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL LAND KABIJ - ASMENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHUKHAN KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAHUL GARG** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33598/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33598
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M0883A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANGEETA KADAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRADOSH KUMAR KADAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAVNIT SINGH BHATIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURDEEP SINGH BHATIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33650/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33650
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446L00118** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL PARSHOTAM LAL MORYANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND RAM MORYANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MUKESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LOKURAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33651/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33651
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00288** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABHAY KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **R.R.SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNITA ADIL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR ADIL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33654/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33654
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446J01454** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHIYALAL CHOUKE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHNA JI CHOUKE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NARAYAN CHANDEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JANGIRAM CHANDEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33655/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33655
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446S00119** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KOMAL BULCHANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH BULCHANDANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KASHISH NAGDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH NAGDEV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33681/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 24-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33681
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00569** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARESH VIRNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GIRDHARI VIRNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJKUMAR CHANDNANI AND MAYUR CHANDNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHETAN DAS AND RAJKUAMR CHANDNANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**


# प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश भी पड़े बेअसर!

## गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस में नहीं हुआ विरोध-प्रदर्शन, संगठनात्मक अनुशासन पर उठे सवाल

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस संगठन द्वारा 23 जुलाई 2026, गुरुवार को प्रस्तावित केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। इस घटनाक्रम ने जिले के राजनीतिक और संगठनात्मक गलियारों में नई चर्चा को जन्म दे दिया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों के अनुपालन को लेकर अब संगठन की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को 23 जुलाई 2026 (गुरुवार) को तत्काल विरोध-प्रदर्शन, केंद्र सरकार का घेराव और पुतला दहन करने के निर्देश जारी किए थे। इन निर्देशों के तहत प्रदेश के कई जिलों और ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

लेकिन गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस में तस्वीर बिल्कुल अलग नजर आई। प्रदेश नेतृत्व के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद 23 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत यहां न तो किसी प्रकार का विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया और न ही केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस निष्क्रियता ने स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष और संगठन की सक्रियता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
ब्लाकस्तरीय विरोध-प्रदर्शन
23 जुलाई 2026

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जब प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों का भी स्थानीय स्तर पर पालन नहीं होता, तो यह संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व के प्रति गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। कार्यकर्ताओं के बीच भी यह चर्चा तेज है कि आखिर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों की अनदेखी क्यों की गई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

सूत्रों की मानें तो कई कार्यकर्ता इस बात से नाराज हैं कि प्रदेशभर में कांग्रेस एकजुट होकर विरोध दर्ज करा रही थी, लेकिन गरियाबंद ब्लॉक संगठन 23 जुलाई के निर्धारित कार्यक्रम के दौरान पूरी तरह निष्क्रिय नजर आया। इससे न केवल संगठन की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी प्रभावित होने की बात कही जा रही है।

फिलहाल इस पूरे मामले में गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कार्यक्रम आयोजित नहीं होने के पीछे प्रशासनिक कारण थे, संगठनात्मक व्यस्तता थी या कोई अन्य वजह, इसका खुलासा संबंधित पदाधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही हो सकेगा।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रदेश नेतृत्व इस मामले को किस गंभीरता से लेता है और क्या 23 जुलाई 2026 (गुरुवार) को प्रस्तावित कार्यक्रम के निर्देशों की अनदेखी को लेकर संगठनात्मक स्तर पर कोई जवाब-तलब या कार्रवाई की जाती है। वहीं, स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता भी इस मामले में नेतृत्व की अगली प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

# गरियाबंद नगर पालिका को मिले पांच नए एल्डरमैन, शपथ लेकर संभाला कार्यभार

## शपथ ग्रहण समारोह में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी, नगर विकास को नई गति देने का लिया संकल्प



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर पालिका परिषद गरियाबंद में शुक्रवार को आयोजित गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह के साथ परिषद को पांच नए एल्डरमैन मिल गए। नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रितेश यादव, गुलेश्वरी ठाकुर, सेवक निषाद, सरल उईके और योगेंद्र सिन्हा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर के विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पीठासीन अधिकारी ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन को शपथ दिलाई, जिसके बाद उन्होंने विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया।

समारोह में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सभापति एवं सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान नवनियुक्त एल्डरमैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

गौरतलब है कि राज्य शासन ने 25 जून 2026 को नगर पालिका परिषद गरियाबंद के लिए पांच एल्डरमैन मनोनीत किए थे। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के बाद अब सभी एल्डरमैन परिषद की बैठकों में भाग लेकर नगर विकास से जुड़े प्रस्तावों, जनहित के मुद्दों तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि नए एल्डरमैन के जुड़ने से परिषद को नई ऊर्जा मिलेगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि गरियाबंद विकास के नए आयाम स्थापित कर सके।

नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने विश्वास जताया कि नई टीम के सहयोग से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी एल्डरमैन अपने अनुभव और सुझावों से परिषद को मजबूत करेंगे तथा स्वच्छ, सुंदर और विकसित गरियाबंद के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# बिटडेल्टा इंडिया ने शुरू किया क्रिप्ट्यूशन, भारत का पहला संरचित क्रिप्टो एसेट्स (वीडीए) सीखने और प्रमाणन का इकोसिस्टम

**रायपुर।** एफआईयू-आईएनडी पंजीकृत वर्चुअल डिजिटल एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म बिटडेल्टा इंडिया ने आज क्रिप्ट्यूशन की शुरुआत की घोषणा की। क्रिप्ट्यूशन भारत का पहला संस्थागत स्तर का क्रिप्टो एसेट्स (वीडीए) सीखने और प्रमाणन का इकोसिस्टम है।

क्रिप्ट्यूशन को भारत के वीडीए इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि लोग बेहतर जानकारी और तैयारी के साथ इसमें भाग ले सकें। क्रिप्टो एसेट्स और इससे जुड़ी जानकारी तक पहुंच बढ़ी है, लेकिन औपचारिक शिक्षा अभी भी उस गति से विकसित नहीं हुई है। इसके कारण कई प्रतिभागियों को जटिल और तेजी से बदलते बाजार को अलग-अलग स्रोतों से मिली अधूरी जानकारी के आधार पर समझना पड़ता है।

यह पहल प्रतिभागियों को वास्तविक बाजार में प्रवेश से पहले मार्गदर्शित शिक्षा, बाजार से जुड़े सिमुलेशन अनुभव और योग्यता आधारित प्रमाणन के माध्यम से इस अंतर को कम करने का प्रयास करती है। भारत के क्रिप्टो उपयोगकर्ताओं में टियर-2 और टियर-3 शहरों की हिस्सेदारी लगभग 40त्न है। ऐसे में यह पहल विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और प्रतिभागियों की जरूरतों के अनुसार व्यवस्थित वीडीए शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के लिए तैयार की गई है।



क्रिप्ट्यूशन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, बिटडेल्टा इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास एम. सचदेवा ने कहा, भारत में प्रमुख वित्तीय एसेट वर्गों ने एक समान यात्रा तय की है- शुरुआत में सीमित पहुंच और बिखरी हुई जानकारी से लेकर बेहतर निवेशक शिक्षा के माध्यम से व्यापक भागीदारी तक। जागरूकता बढ़ने के साथ म्यूचुअल फंड और डायरेक्ट इक्विटी बाजार परिपक्व हुए हैं, और अब क्रिप्टो भी इसी बदलाव के महत्वपूर्ण चरण की ओर बढ़ रहा है। वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के बारे में जागरूकता अभी भी 30त्न से कम है, जबकि लगभग हर पांच में से एक सक्रिय प्रतिभागी यह मानता है कि वह अभी भी इस बाजार को समझने और सीखने की प्रक्रिया में है। क्रिप्ट्यूशन को इस श्रेणी के जिम्मेदार विकास के अगले चरण को समर्थन देने के लिए आवश्यक संरचित लर्निंग, व्यावहारिक अनुभव और सर्टिफिकेशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का विस्तार किया

स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प - शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं। ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं। केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिज़ाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की Rallye मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं। यह नया विस्तार कार को और भी प्रभावशाली दृश्य पहचान प्रदान करता है तथा उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, जो अधिक विशिष्ट और प्रीमियम स्वामित्व अनुभव की तलाश में हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, स्लाविया मोंटे कार्लो को उसके विशिष्ट डिज़ाइन, प्रीमियम आकर्षण, रोमांचक ड्राइविंग डायनेमिक्स और हमारी मोटरस्पोर्ट विरासत से मजबूत जुड़ाव के लिए ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हम मोंटे कार्लो रेंज की विशिष्ट पहचान और आकर्षण को और अधिक सशक्त बना रहे हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक विकल्प और विशिष्टता मिल सके। स्लाविया मोंटे कार्लो लगातार स्टाइल, प्रदर्शन और आधुनिकता का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करती है। हम अपने ग्राहकों की बदलती आकांक्षाओं के अनुरूप अपने सेडान पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाना जारी रखेंगे। नए विशेष रंग विकल्पों के अलावा, स्लाविया मोंटे कार्लो अपनी ब्लैक्ड-आउट एक्सटीरियर डिज़ाइन, विशिष्ट मोंटे कार्लो स्टाइलिंग तत्वों, प्रीमियम ब्लैक और रेड इंटीरियर थीम तथा फीचर-समृद्ध केबिन के साथ अपनी अलग पहचान बनाए रखती है।

# जंतर-मंतर के आंदोलन की गूंज गरियाबंद तक-नीट पेपर लीक पर गरियाबंद में छात्रों का जोरदार प्रदर्शन

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** देशभर में कथित NEET पेपर लीक मामले को लेकर उठे विरोध के बीच अब गरियाबंद में भी छात्रों और युवाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया।जंतर-मंतर पर आंदोलनरत युवाओं के समर्थन में शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय से रैली निकाली।




हाथों में तिरंगा और विरोध के संदेश लिए छात्र शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें बुलंद कीं शिक्षा मंत्री से स्तीफा की मांग किए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार अवंतिका गुप्ता को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों का कहना था कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों मेहनती अभ्यर्थियों का भविष्य संकट में डाल दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं,जिससे युवाओं का भरोसा लगातार कमजोर पड़ रहा है।प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा में गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाए गए,तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

आंदोलन के दौरान अमन तिवारी ने कहा कि-NEET जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में लगातार सामने आ रही कथित धांधली और पेपर लीक की घटनाओं ने देश के लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ा है। हम जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे युवाओं के समर्थन में खड़े हैं।हमारी मांग है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें।

साथ ही गुरुनूर कुकरेजा ने कहा कि मेहनत करने वाले छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था चाहते हैं। जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होती,तब तक युवाओं की आवाज़ बुलंद होती रहेगी।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)

निविदा क्र. 04/ले.शा. (निविदा)/ का.अ. /लो.स्वा.यां.खण्ड/ 2026 बालोद, दिनांक : 22-07-2026

**ई-प्रॉक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं **प्रपत्र-एफ** में लम्प-सम दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण :-**

| सिस्टम नं. | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 195965 | डौण्डी | बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डी के दल्लीराजहरा नगरीय जल प्रदाय योजनांतर्गत 03 नग क्लीयर वाटर सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट्स प्रदाय तथा स्थापित करने एवं 02 नग 33/0.415 KV 160 KVA आउटडोर ट्रांसफार्मर प्रदाय तथा स्थापना तथा अन्य कार्य (शेड्यूल के अनुसार, सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) | रू. 50.11 लाख | 38,000.00 |

1. **बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 24/07/2026**
2. **बिड सबमिशन की अंतिम तिथि -11/08/2026**

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** दिनांक **24-07-2026** से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते है।

G-262702304/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ0ग0)


# बीमार बच्चे को अस्पताल लाते समय दर्दनाक हादसा, बाइक दुर्घटना में भेड़ पालक की मौत

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम पिपरछेड़ी के पास शुक्रवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में राजस्थान से भेड़ चराने आए एक बुजुर्ग भेड़ पालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह बीमार बच्चे को इलाज के लिए मोटरसाइकिल से गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे।



जानकारी के अनुसार, राजस्थान निवासी करीब 60 वर्षीय रामनिवास अपने परिवार और भेड़ों के साथ इन दिनों महुआभाठा के समीप मुड़हीपानी जंगल में डेरा डाले हुए थे। शुक्रवार को परिवार के एक बच्चे की तबीयत खराब होने पर रामनिवास सहित तीन लोग मोटरसाइकिल से उसे इलाज के लिए गरियाबंद जिला अस्पताल ला रहे थे।

रास्ते में ग्राम पिपरछेड़ी से लगभग दो किलोमीटर पहले चालक का बाइक से नियंत्रण हट गया। मोटरसाइकिल सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। हादसे के दौरान रामनिवास का सिर पास में स्थित एक पेड़ से टकरा गया,जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार बीमार बच्चे सहित एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बताया गया कि मृतक रामनिवास अपने डेरे का संचालक था और हर वर्ष भेड़ों के साथ इस क्षेत्र में आता था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग इंडिया ने नई गैलेक्सी अल्ट्रा2 और वॉच9 के लिए रोमांचक प्री-ऑर्डर ऑफर्स की घोषणा की

**गुरुग्राम:** सैमसंग ने अपने स्मार्टवॉच लाइनअप के नए मॉडल गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 के भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने का ऐलान किया है। इन दोनों मॉडल को 24/7 पहनने योग्य बनाने और निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये वॉच उपयोगकर्ताओं के हेल्थ डेटा को नींद, शारीरिक गतिविधियों, हृदय स्वास्थ्य और रिकवरी से जुड़ी उपयोगी गाइडेंस में बदलती हैं।

सैमसंग इंडिया में एमएक्स बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा, हमारा लक्ष्य एआई की शक्ति का उपयोग करके एक ऐसा भविष्य बनाना है जहाँ स्वास्थ्य सेवा निवारक, निरंतर और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार हो। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 इसी दृष्टिकोण को साकार करती हैं, जो उन्नत स्वास्थ्य ट्रैकिंग सुविधाएँ प्रदान करती हैं। ये उपयोगकर्ताओं के लिए भरोसेमंद साथी हैं और उन्हें उनकी सेहत के सफ़र में मदद करने के लिए सही समय पर जानकारियां और अलर्ट देती हैं।

**आउटडोर एथलीटों के लिए गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2**- गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2, सैमसंग की अब तक की सबसे सक्षम स्मार्टवॉच है। यह मुख्य रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए बनाई गई है जो आउटडोर गतिविधियों में अधिक समय बिताते हैं या सहनशक्ति वाले खेलों में भाग लेते हैं। यह रफ-एंड-टफ कंस्ट्रक्शन के साथ-साथ ट्रेल रनिंग और डाइविंग जैसी गतिविधियों के लिए विशेष ट्रैकिंग मोड को जोड़ती है। नया ट्रेल रन फीचर ऊंचाई, चढ़ाई की प्रगति और ज़मीन के प्रभाव को मापता है ताकि रनर अपनी गति को सही ढंग से प्रबंधित कर सकें। न्यूट्रिशन अलर्ट, जो मौजूदा स्वेट लॉस फीचर का एक नया हिस्सा है, शरीर के वजन के अनुपात में पसीने के नुकसान को मापकर हाइड्रेशन का अनुमान लगाता है।

गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 में प्रोफेशनल डाइविंग सपोर्ट भी जोड़ा गया है। IP69K, 10 एटीएम रेटिंग और EN13319 प्रमाणित यह वॉच पानी में डूबने पर गहराई, डाइव का समय और पानी का तापमान अपने आप रिकॉर्ड करती है। दुनिया के अग्रणी डाइविंग उपकरण ब्रांड मेयर्स के साथ मिलकर विकसित अल्ट्रा2 डाइविंग ऐप (जिसके इस साल के अंत तक उपलब्ध होने की उम्मीद है) के माध्यम से, यह वॉच चढ़ाई और उतरने की गति (एसेंट एवं डिसेंट स्पीड) और सुरक्षित डाइविंग सीमा समय सहित डाइविंग मेट्रिक्स भी प्रदान करती है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 में 800mAh की बैटरी दी गई है, जो पिछले अल्ट्रा मॉडल की तुलना में क्षमता में 35% की वृद्धि को दर्शाती है। यह क्वालकॉम के लेटेस्ट स्नैपड्रैगन एलीट प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है और इसमें 5000 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस वाली डिस्प्ले दी गई है, जिससे धूप में आउटडोर विजिबिलिटी बेहतर होती है। इस वॉच में शॉक-रेसिस्टेंट यानी झटके सहन करने वाले टाइटेनियम कंस्ट्रक्शन को बरकरार रखा गया है और साथ ही इसमें एक स्लिमर डिज़ाइन दी गई है; इंटरनल री-इंजीनियरिंग की मदद से बड़ी बैटरी होने के बावजूद पिछली पीढ़ी की तुलना में इसकी मोटाई में 12% की कमी की गई है।

### होंडा ने पेश किया 10 मेड-इन-इंडिया उत्पादों का नया पोर्टफोलियो

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने भारतीय बाजार के लिए 10 मोटरसाइकिलों और स्कूटर्स का विस्तारित पोर्टफोलियो पेश किया है। इसमें सात बिल्कुल नए मॉडल और तीन नए रंग विकल्पों के साथ अपडेट किए गए मॉडल शामिल हैं। इस नई रेंज में क्रूजर, एडवेंचर टूरर, रोडस्टर, लाइफस्टाइल राइडिंग, इलेक्ट्रिक और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी से जुड़े उत्पाद शामिल हैं, जो विभिन्न वर्गों के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इन मॉडलों का भारत में स्थानीय स्तर पर निर्माण (लोकलाइजेशन) एचएमएसआई की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे भारत में कंपनी की उत्पाद विकास, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं को और मजबूती मिलेगी। साथ ही, ग्राहकों को होंडा की वैश्विक तकनीकों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी और स्थानीय सोर्सिंग तथा विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रेसिडेंट एवं सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, भारत होंडा के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक बाजारों में से एक है। 10 उत्पादों का यह नया पोर्टफोलियो ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के मोबिलिटी समाधान उपलब्ध कराता है।

# कलयुग के साक्षात भगवान हैं श्रीजगन्नाथ स्वामी : पुरंदर मिश्रा

■ भक्ति, उल्लास और जनआस्था के महासंगम में संपन्न हुई भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य बाहुड़ा रथयात्रा, जयघोषों के बीच श्रीमंदिर लौटे प्रभु



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री जगन्नाथ सेवा समिति, गायत्री नगर (शंकर नगर), रायपुर के तत्वावधान में भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु, बड़े भाई भगवान श्रीबलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा की पावन बाहुड़ा रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के अद्भुत वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुई। नौ दिवसीय प्रवास के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु अपने मौसी घर गुंडिचा (मौसी) मंदिर से पुन: अपने मूल निवास श्रीजगन्नाथ मंदिर पधारे। इस दिव्य यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर स्वयं को धन्य माना तथा संपूर्ण मार्ग 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयघोष, भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा।

दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुई बाहुड़ा रथयात्रा में भगवान श्रीबलभद्र तालध्वज रथ, देवी सुभद्रा देवदलन रथ तथा भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु नंदीघोष रथ पर विराजमान होकर नगरवासियों को दिव्य दर्शन देते हुए श्रीमंदिर की ओर प्रस्थान किए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती एवं स्वागत कर प्रभु का अभिनंदन किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर रहा।

मौसी मंदिर में नौ दिनों के प्रवास के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, भजन-कीर्तन, छप्पन भोग एवं महाप्रसाद का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्तिरस से ओतप्रोत रहा।

बाहुड़ा रथयात्रा के सफल आयोजन हेतु समिति द्वारा रथ मार्ग को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे संपूर्ण आयोजन अनुशासित, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी, कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, भाजपा रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, पंडित सदन तिवारी, महिला बाल संरक्षण के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ ममता साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा कि 'कलियुग के साक्षात भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी समरसता, सेवा, करुणा और लोककल्याण के प्रतीक हैं। बाहुड़ा रथयात्रा हमें समाज में प्रेम, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश देती है।' उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों, प्रशासन, पुलिस, मीडिया एवं समिति के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भूपेश बघेल की धमकी भरी भाषा लोकतंत्र नहीं, हताशा और राजनीतिक बौखलाहट का प्रमाण : केदार कश्यप

■ पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को खुली चेतावनी देना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का घोर उल्लंघन : केदार कश्यप



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों को लेकर दिए गए कथनों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह भाषा किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की नहीं, बल्कि राजनीतिक हताशा और मानसिक असंतुलन की स्थिति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन कानून के रक्षकों और संवैधानिक व्यवस्था को खुलेआम धमकाना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का यह कहना कि 'पुलिस अधिकारी ध्यान रखें, भाजपा कुछ ही महीनों की मेहमान हैज् फिर मिलेंगे' न केवल पुलिस प्रशासन को डराने का प्रयास है, बल्कि यह कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की खुली कोशिश भी है। यह बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और कांग्रेस की उस मानसिकता को उजागर करता है, जिसमें सत्ता को ही कानून से ऊपर माना जाता रहा है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब भय, दबाव और राजनीतिक संरक्षण की संस्कृति से बाहर निकल चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है, जहाँ पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ अपना दायित्व निभा रही है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को भविष्य की राजनीतिक धमकियाँ देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराध, भ्रष्टाचार और सत्ता संरक्षण की घटनाओं ने जनता का विश्वास तोड़ा, जिसका परिणाम कांग्रेस को चुनाव में पराजय के रूप में मिला। जनता ने भ्रष्टाचार, अहंकार और कुशासन को नकारते हुए भाजपा को जनादेश दिया है। अब जनता के इस फैसले को स्वीकार करने के बजाय पूर्व मुख्यमंत्री लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक निराशा व्यक्त कर रहे हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जब भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कानून हाथ में लेने, प्रदर्शन के नाम पर अराजकता फैलाने अथवा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जाता है और पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करती है, तब कांग्रेस के नेता पुलिस पर ही दबाव बनाने लगते हैं। यह प्रवृत्ति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस आज भी कानून के शासन में नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव की संस्कृति में विश्वास रखती है।

# अडानी को जल, जंगल, जमीन सौंपने यूसीसी लागू करने जा रहे : शुक्ला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरे गड़ाये हुए है। बस्तर में भाजपा के समर्थित उद्योगपतियों की नजर लग चुकी है और वह आदिवासियों की जमीन हड़पना चाहते है। यूसीसी लाने की कवायद इसीलिए है। राज्य के आदिवासियों के हितों को दरकिनार करके उद्योगपतियों के हितों को बढ़ावा देने की कोशिश है। आदिवासियों की जमीनें कानूनन दूसरा कोई ले नहीं सकता, इसलिए तमाम तरीके के रास्ते खोजने की शुरूआत की जा रही है। यूसीसी से प्रदेश के हक में डाका डाला जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यूसीसी लागू करने की सरकार की हठधर्मिता से राज्य के आदिवासियों को बड़ा नुकसान होगा। प्रदेश का मुखिया एक आदिवासी है उसके बाद राज्य के बहुसंख्यक आदिवासियों के हितों के खिलाफ सरकार निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री और सरकार ये बताये कि क्या यूसीसी लागू होने के बाद प्रदेश में पेसा कानून का अस्तित्व यथावत रहेगा? पांचवी अनुसूची की पंचायतों के अधिकारों में कोई छोड़छाड़ नहीं होगी? वन अधिकार अधिनियम के आदिवासी हित प्रभावित नहीं होंगे? राज्य की संरक्षित जनजातियां बैगा, कमार, पहाड़ी, कोरवा, बिरहोर, अबुझमाड़िया, भुंजिया, पांडा को संविधान में विशेष संरक्षण मिला है क्या यूसीसी लागू होने पर इनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे? आदिवासियों की जमीनों पर उनके सामुदायिक अधिकारों का हनन नहीं किया जायेगा? भाजपा राज्य में यूसीसी लागू करके आदिवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन करने का षड़यंत्र कर रही है।

# वार्ड 01 में लगभग 35 लाख के विकास कार्य के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** जनकल्याण और समग्र विकास के संकल्प को साकार करते हुए छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 1 में लगभग 35 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि 19.50 लाख रूपये की लागत से शीतला तालाब के पास नाली निर्माण, 9.73 लाख रूपये की लागत से बाबूटोला मे शेड निर्माण एवं 5 लाख रूपये की लागत से दुर्गा मंदिर के पास भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। यह कार्य वार्डवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शीतला तालाब के पास नाली निर्माण हो जाने से तालाब में गंदा पानी जाना बंद हो जायेगा, इस संबंध में बहुत दिनों से मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड का संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक एवं बेहतर बनाया जा रहा है।

वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए महापौर का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर निरंतर प्रगति और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। भूमिपूजन के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, पार्षद मनोहर यादव, नामांकित पार्षद भीष्म देवांगन, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, समाजसेवी सुमित सिंह भाटिया, राहुल चैबे विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर के आगमन पर वार्ड के खेमलाल साहू, लेखचंद साहू, योगेश साहू, अनिल साहू, घंशु साहू, टीकम सेवता, प्रभु देवांगन, देवानंद साहू, उपराव साहू बिशनाथ साहू, प्रेमा सोनकर ने महापौर सहित अतिथियो का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

# बेहतर सफाई के लिए आयुक्त ने नोडल अधिकारियों, वार्ड प्रभारियों की ली बैठक

■ सफाई में शहर की अलग पहचान दिलाने टीम वर्क के साथ काम करने के दिये निर्देश



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने वार्ड के नोडल अधिकारियो, सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने टीम वर्क के साथ काम कर सफाई में शहर की अलग पहचान बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्लान तैयार कर सुनियोजित काम कर हम सफाई में स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर सकते है।

आयुक्त श्री मरकाम ने बैठक में कहा कि सफाई में मेहनत दिख रहा है, जिससे शहर में सफाई भी दिख रही है, लेकिन अपेक्षाकृत परिणाम नही मिल पा रहा है। कम मेन पावर तथा सीमित संसाधन में हमारे निगम के लोग अच्छा मेहनत कर काम कर रहे है, जिसे रोज वार्ड भ्रमण के दौरान मै स्वयं देख रहा हूॅ, उससे सफाई तो दिख रही है,जिसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूॅ, लेकिन और अधिक मेहनत कर सफाई मे शहर की अलग पहचान बनानी है। उन्होंने कहा कि इंदौर शहर सफाई में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, हम भी वैसा काम कर अपने शहर की पहचान बना सकते है। उसके लिये हम टीम भावना के साथ काम कर टॉप 10 में स्थान पा सकते है। उन्होंने कहा कि रोड की सफाई तो करते है, लेकिन उसके किनारे का कचरा नही झिल्ली पन्नी नही उठाते है, लेकिन अब उसमे ध्यान दिया जा रहा है, जिससे रोड के सोल्डर तक सफाई दिख रही है। इसी प्रकार मेहनत करने से हम शहर की सफाई को 15 अगस्त तक अच्छी स्थिति में ला सकते है।

# दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग, उनका सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता : विधायक संपत

■ मंगल भवन में सजा दिव्यांगजन सहायता शिविर

■ विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के हाथों 50 हितग्राहियों को मिले 85 आधुनिक साधन



**बसना (विश्व परिवार)।** बसना स्थित ऐतिहासिक मंगल भवन में शुक्रवार का दिन क्षेत्र के दिव्यांगजनों के लिए एक नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई भोर लेकर आया। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (AIC) के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) मद एवं समाज कल्याण विभाग के तहत आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में दिव्यांगों को आधुनिक और उन्नत सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस जिला स्तरीय भव्य वितरण समारोह में बसना क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ इलाकों में निवास कर रहे शारीरिक रूप से दिव्यांग नागरिकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी दैनिक आवाजाही को सुगम बनाना था।

# शहर के कुछ क्षेत्रों में 27 की शाम नही होगी पेयजल सप्लाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने जल सयंत्रगृह मोहारा के 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लामेला (सी.एल.एफ) की सफाई कार्य किया जाना है। सफाई के कारण उक्त प्लांट से भरने वाली टंकिया नही भर पायेगी। जिस वजह से दिनांक 27 जुलाई 2026 दिन सोमवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 28 जुलाई मंगलवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। सी.एल.एफ सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सीएफएल सफाई की वजह से उक्त प्लांट से भरने वाली टंकी नही भरने के कारण दिनांक 27 जुलाई सोमवार को शहर के बसंतपुर, क्लब चैक, तेलीपारा, ग्रीन सिटी, राजीव नगर बसंतपुर, बंगालीचाल, भोईपारा, हास्पिटल कालोनी, शिवनगर, आर.के. नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर आधा क्षेत्र में शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

# धनोरा स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित




■ 263 छात्र-छात्राएं हुए लाभान्वित



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बढ़व संगवारी संस्था के विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसलिंग किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के 263 छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक शिव कुमार वर्मा ने बच्चों कैरियर संबंधी व डॉ. मीरा बघेल ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। वहीं समन्वयक रामेश्वरी परगनिहा व डॉ. राधेश्याम बघेल तथा अनिल वर्मा ने बच्चों को प्रेरित किया। वहीं अनिल वर्मा ने मन और उसके सकारात्मक-नकारात्मक विचारों का व्यक्तित्व पर प्रभाव तथा मन पर स्व-नियंत्रण का अभ्यास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही करियर चुनने में मार्गदर्शन देना और मानसिक मजबूती प्रदान करना रहा।

# राजकोट मंडल में दोहरीकरण कार्य के कारण बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास एवं संरक्षा संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इसी क्रम में पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल के अलियावाडा-हापा-जामनगर रेलखंड में लाइन दोहरीकरण का कार्य विभिन्न दिवसों में ब्लॉक लेकर किया जा रहा है। इस कार्य के परिणामस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस का परिचालन निम्नानुसार आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। दिनांक 27 जुलाई एवं 03 अगस्त 2026 को बिलासपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस राजकोट स्टेशन पर समाप्त होगी तथा राजकोट-ओखा के मध्य रद्द रहेगी।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

**No.-04-01/Trans./Works/1603** **Raipur, dtd.21.07.2026**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/49, Rfx No.-8100052272,** Construction of 02 Nos. 132 KV feeder bay for accommodating proposed 132 KV DCDS Semariya.; **NIT Value:-**Rs. 16.56 Lakhs **EMD:-** Rs. 16,600/, **Completion Period:- 03 Months.2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/51, Rfx No.-8100053011,** Extension of Control room at 132/33 KV S/s Kondagaon.; **NIT Value:-**Rs. 12.73 Lakhs **EMD:-** Rs. 12,800/, **Completion Period:- 06 Months.3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/52, Rfx No.- 8100053025,** Extension of Control room building at 132/33 KV S/s Dongargaon.; **NIT Value:-**Rs. 16.43 Lakhs **EMD:-** Rs. 16,500/, **Completion Period:-04 Months. 4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/53, Rfx No.- 8100052726,** Construction of 03 bay shed storage for equipment at 132/33 KV S/s Chaple.; **NIT Value:-**Rs. 11.96 Lakhs **EMD:-** Rs. 12,000/, **Completion Period:-03 Months.5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/54, Rfx No.-8100053028,** Providing services of 01 No. Computer operator (High Skilled Labour) & 02 No. Semi-Skilled Labour through outsourcing for one year for the O/o E.E. (Civil) Dn., CSPTCL, Jagdalpur.; **NIT Value:-**Rs. 6.52 Lakhs **EMD:-** Rs. 6,600/, **Completion Period:-12 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 05 is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 13.08.2026 for Sl. No.- 01, 02; dt. 14.08.2026 for Sl. No.- 03, 04; dt. 17.08.2026 for Sl. No.- 05.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(Sanjay Tiwari)
SAVE ELECTRICITY S- 48542/3 Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

# छत्तीसगढ़ चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपायुक्त व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त से की सौजन्य मुलाकात





**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी के कुशल नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर के पुलिस उपायुक्त श्री तारकेश्वर पटेल जी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री विवेक शुक्ला जी से सौजन्य मुलाकात की।

इस शिष्टाचार भेंट के दौरान चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया तथा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मुलाकात के दौरान शहर में कानून व सुरक्षा व्यवस्था, व्यापारियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, जन-सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता और नागरिक सहयोग जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में शांति, कानून व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने भी चेम्बर पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन जनता व व्यापारिक वर्ग की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव तत्पर है तथा सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के सहयोग का स्वागत करता है।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष-सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष-निकेश बरडिया, सलाहकार-किशोर आहूजा, अमर गिदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेश वासवानी, राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष-लोकेश चंद्रकांत जैन, दिलीप इसरानी, मंत्री-प्रशांत गुप्ता, ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी एवं सदस्य अमित धावना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**अनुबंध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: WRSR-09-26-27-OT-Bogie, दिनांक: 21.07.2026.** **कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर में "(a) बोगी फीडिंग (b) व्हील सेट फीडिंग और (c) बेयरिंग और उनके पुर्जो की सफाई" के लिए वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,53,37,268.00 (₹ (दो करोड़ तिरपन लाख सैंतीस हजार दो सौ अड़सठ) @18% जीएसटी सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार, 36 (छत्तीस) माह की अवधि के लिए। **बयाना राशि:** ₹ 5,06,800.00 (₹ पाँच लाख छह हजार आठ सौ मात्र)। @18% जीएसटी सहित। **निविदा प्रपत्रों की लागत:** शुन्य। **निविदा समाप्ति तिथि और समय: 13.08.2026, 15.00 बजे। बिड प्रारंभ की तारीख: 30.07.2026. पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकते है।

इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ वैरिशा/रायपुर
PR/R/WRS/PCN/152
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**अनुबंध कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक: AEE-WRS-R-26-27-OT-EW-03 कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप रायपुर के अलग-अलग लोकेशन पर अलग-अलग मेक और कैपेसिटी के वेल्डिंग प्लांट के लिए 02 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक व्यापक मरम्मत और रखरखाव अनुबंध। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 49,48,497-92/- (रु. उनचास लाख अड़तालीस हजार चार सौ सत्तानवे दशमलव नौ दो मात्र जीएसटी सहित)। **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार चौबीस (24) माह की अवधि के लिए। **बयाना राशि) रु:** रु. 99,000.00 (रु. निन्यानबे हजार)। **निविदा प्रपत्रों की लागत) रु.:** 0.00 **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** 21.08.2026 को 15:00 बजे। **बिड प्रारम्भ की तारीख:** 07.08.2026 **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता/ वैरिशा/ रायपुर
PR/R/WRS/D360/154
South East Central Railway @secrail

# MATS UNIVERSITY

UGC GRADED AUTONOMY

UGC Entitled | NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

**CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC**

## CHHATTISGARH'S OLDEST PRIVATE UNIVERSITY

## ONE UNIVERSITY: THREE MODES, ENDLESS OPPORTUNITIES.

**REGULAR | DISTANCE | ONLINE**

# ADMISSION OPEN 2026-27




## REGULAR PROGRAMMES

### Engineering
B.Tech.: Computer Science Engineering (AI-ML & Data Science)
B.Tech.: Civil / Mining/ Mechanical Aeronautical/ CSE
M.Tech.: CSE /Turbo Machinery Engg. Power Electronics Engg. Computer Aided Structural Engg.
Diploma: Mechanical/ Mining/ Civil/ CSE
Admission Help Line : 7389356989, 9109951182

### Psychology
M.Sc.
M.A.
B.Sc.
P.G.D.G.C.
Admission Help Line : 7471180268

### SCIENCE
B.Sc.
Biotechnology/ Microbiology
Forensic Science/ CBZ/ PCM
M.Sc.
Microbiology/ Chemistry/Zoology
Forensic Science/Mathematics/ Botany
P.G.D.F.S.C.
D.G.L.P.
Admission Help Line : 9109991032

### Socialwork
M.S.W.
B.S.W.
Admission Help Line : 9109994500

### Information Technology
M.C.A.
M.Sc.(CS)
B.C.A.
B.Sc.(AGD)
D.C.A.
P.G.D.C.A.
Admission Help Line: 9109951181

### English
M.A.
B.A. (English with Mass Communication)
Admission Help Line : 9752942949

### Management
B.B.A.
B.Com.
M.Com.
M.B.A.
Admission Help Line : 9109913111, 7389376989

### Law
B.A. LL.B.
LL.B.
LL.M. (1Yr & 2 Yr)
Admission Help Line: 9109994500

### Pharmacy
B. Pharmacy
D. Pharmacy
Admission Help Line: 9109997900

### Library Science
M.Lib.I.Sc.
B.Lib.I.Sc.
Admission Help Line: 9109991031

### Physical Education
M.A. Yoga
B.P.Ed.
P.G.D.Y.Ed.
Admission Help Line: 9755199381

### Education
M.A. Education
B.Ed.
B.Sc. B.Ed. (4Yr)
B.Com. B.Ed. (4Yr)
B.A. B.Ed. (4Yr)
Admission Help Line: 7880007698

### Design
M.Design
B.Sc. (FD/IDD)
Admission Help Line: 9109951183

### Hindi
B.A. (Hindi with Journalism)
History/ Political Science
Sociology/ Economics
M.A. Hindi/ Political Science
D.J.M.C.
Admission Help Line : 7880001773

LIMITED SEATS!

**ENROLL NOW**
FOR A BRIGHTER TOMORROW

## OPEN & DISTANCE EDUCATION

### UGC-DEB APPROVED PROGRAMMES

- B.A.
- B.Com.
- B.B.A.
- B.Sc. (CBZ)
- B.Sc. (PCM)
- B.C.A.
- B.Lib.I.Sc.
- M.Lib.I.Sc.
- M.A. (English)
- M.A.(Education)
- D.C.A.
- P.G.D.C.A.
- M.C.A.
- M.B.A.
- M.Com.
- M.S.W.
- M.Sc. (Maths)
- M.Sc. (Botany)
- M.Sc. (Zoology)
- M.Sc. (Chemisty)
- M.Sc. (CS)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (Political Science)

www.matsodl.com
Call Toll Free: 8152079999
Mob: 9109850103, 8827640300, 88278 91700

## ONLINE PROGRAMS

### UGC-DEB APPROVED PROGRAMMES

- M.B.A.
- B.B.A.
- M.C.A.
- B.C.A.
- B.Com.
- D.C.A.
- P.G.D.C.A.

www.matsuniversityonline.com
Call Toll Free : 8152029999
Mob: 9109850103, 7880001772

## DIPLOMA PROGRAMS

- Diploma in Human Resources Management
- Diploma in Digital Media
- Diploma in Cyber Security
- Certificate in Office Management
- Certificate in Data Entry Operator

Call Toll Free : 8152029999, 8152079999

FOR DETAILS CALL
**1800 123 819999**

UNIVERSITY CAMPUS : ARANG KHARORA HIGHWAY, ARANG, RAIPUR (C.G.) -493 441

ADMISSION OFFICE : MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR (C.G.) -492 004

Tel : 0771 4078995, 96, 98
Mob: 9755199381, 9109994500
Web: www.matsuniversity.ac.in